खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, बुधवार 18 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।



■ इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा

### बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

■ कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला

### ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

### 28वां रोज़ा

### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

काबुल, वार्ता

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर



■ शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया

### भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर

केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील



### सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।




# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

■ समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

■ राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

■ हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला

### लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्रेचर करने वालों में शामिल हैं।



■ कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखपुर में भाजपा नेता राजकुमार की दिनदहाड़े हत्या

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता राजकुमार चौहान की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बरगदवा गांव में आज सुबह पूर्व पार्षद राजकुमार चौहान मार्निंग वॉक पर निकले थे कि पहले से घात लगाए कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हे घायलावस्था में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि आरो. पियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ 883 पेज का जवाब दाखिल

**प्रयागराज, वार्ता**



■ 27 फरवरी के आदेश में लगी थी गिरफ्तारी पर रोक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आशुतोष ब्रह्मचारी मंगलवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती की अग्रिम जमानत अर्जी पर अदालत के आदेश के अनुपालन में अपना लिखित जवाब दाखिल किया।

आशुतोष ब्रह्मचारी 883 पेज का लिखित जवाब लेकर हाईकोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इसमें नाबालिग बटुकों के साथ कथित कुकर्म और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य होने के संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दाखिल हलफनामे से जुड़े तथ्यों के संबंध में भी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने 27 फरवरी को आदेश जारी कर अंतिम आदेश आने तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। साथ ही सभी पक्षकारों को 12 मार्च तक अपना रिटर्न सबमिशन दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि 12 मार्च को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आशुतोष ब्रह्मचारी हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल नहीं कर सके थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने ईमेल के माध्यम से अदालत को सूचित किया था कि सुरक्षा कारणों से वह उस दिन कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अब उन्होंने अदालत में अपना जवाब दाखिल करते हुए देरी के लिए माफी याचिका भी प्रस्तुत की है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ उनके पास ठोस साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह अदालत में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन साक्ष्यों के आधार पर वह हाईकोर्ट में उनकी नियमित जमानत अर्जी का विरोध करेंगे और नाबालिग बटुकों के यौन शोषण के मामले में ट्रायल कोर्ट से सजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

### वकीलों की हड़ताल से आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान नहीं हो सका दर्ज

इसी बीच जिला अदालत में चल रहे एक अन्य मामले में वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण मंगलवार को आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान दर्ज नहीं हो सका। उन्हें 18 जनवरी 2026 को मौनी अमावस्या के दिन सेक्टर चार त्रिवेणी मार्ग पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय यात्रा के दौरान हुए हमले के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम की अदालत में बयान दर्ज कराना था। वकीलों की हड़ताल के कारण अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 2 मई निर्धारित की है। अब इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान 2 मई को दर्ज किया जाएगा। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर हुए हमले के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर मारपीट का आरोप लगाया था, जिसमें वह घायल भी हो गए थे।

# ईद सादगी से मनाएं देश के मुसलमान: मौलाना कल्बे जव्वाद व अली जैदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत से उम्मत में गम का माहौल, यह सदी की सबसे अजीम शहादत, हम सब गहरे गम में हैं

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद पूरे विश्व के साथ-साथ भारत के मुसलमानों में भी गहरा शोक व्याप्त है। इसी क्रम में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी और प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने देश के मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि इस वर्ष ईद-उल-फितर का त्योहार सादगी और गमगीन माहौल के साथ मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत केवल ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अनुसार यह सदी की सबसे अज़ीम शहादतों में से एक है, जिसकी वजह से पूरी उम्मत गहरे गम और शोक में डूबी हुई है। अली जैदी और मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि आज हालात ऐसे हैं, जैसे किसी घर में किसी अपने का इंतकाल हो गया हो। जब किसी परिवार में किसी का निधन होता है तो खुशियों और जश्न को सीमित कर दिया जाता है, उसी तरह मौजूदा समय में भी मुसलमानों को ईद को सादगी, इबादत और खामोशी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत समेत कई देशों में शिया समुदाय इस घटना को लेकर गहरे दुख में है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए गम और शोक का कारण बनी हुई है, इसलिए ईद जैसे खुशी के त्योहार को भी इस वर्ष सादगी और गंभीरता के साथ मनाना चाहिए। धार्मिक नेताओं ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद के मौके पर अनावश्यक दिखावा, बड़े जश्न और आतिशबाजी से बचें तथा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। साथ ही शहीदों के लिए दुआ और फातिहा पढ़कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करें। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी उम्मत को एकजुट होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देना चाहिए।

# रेलवे आम आदमी के सुविधाजनक सफर पर भी पर्याप्त ध्यान दे: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ टीएमसी ने अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में कहा

लोकसभा में विपक्ष ने आम आदमी के लिए ज्यादा ट्रेनें चलाने और सफर में उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने रेलवे की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में शामिल होते हुए मंगलवार को कहा कि मजदूरों और आम आदमियों के लिए ट्रेनें चलाई जानी चाहिए और उन्हें सफर के दौरान कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्काल टिकट लेने वाले निचली बर्थ आरक्षित करा लेते हैं जबकि पहले से आरक्षण कराने में बुजुर्गों को ऊपर की बर्थ मिलती है। पैसे वाले लोग सुविधाजनक सफर करते हैं, जबकि आम आदमी को सफर में दुश्वारियां पेश आती हैं। सुश्री राय ने कहा कि बुजुर्गों के लिए निचली बर्थ ही आरक्षित किए जाने के प्रावधान किए जाने चाहिए। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भी ऊपरी बर्थ आरक्षित कर दी जाती है। इससे उन्हें बड़ी परेशानी होती है। ऊपर की बर्थ पर चढ़ने के दौरान उनके गिर कर घायल होने की भी खबरें आई हैं। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को किराए में रियायत फिर शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में स्थानीय वेंडर खाने की आपूर्ति कर रहे हैं, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती और स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सुश्री राय ने कहा कि आरक्षण के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल टिकट रद्द कराने पर भी रेलवे पैसे काट रहा है, जो कतई उचित नहीं है।

## 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार

# उत्तर प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आज मौसम शुष्क बना रहेगा, जबकि 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मार्च से प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 22 मार्च तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तरी पंजाब के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों में तराई और आसपास के मध्य जिलों में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक देखने को मिली थी। हालांकि अब यह गतिविधियां थम गई हैं। वर्तमान में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के अभाव में 18 मार्च तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश की शुरुआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी। इस बारिश के चलते अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है और तापमान सामान्य या उससे नीचे पहुंच सकता है। हाल ही में हुई बारिश के दौरान मुजफ्फरनगर में 7.2 मिमी, बिजनौर में 6.8 मिमी, सहारनपुर में 5.2 मिमी और संभल में 2.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई, जहां नजीबा. बाद में 12.5 डिग्री, मेरठ में 13.6 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 14.8 डिग्री और अयोध्या में 15 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान 33.1 डिग्री और रात का तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को यहां आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी बांदा में 36.6 डिग्री, उरई में 36.4 डिग्री, फतेहपुर में 36.2 डिग्री और प्रयागराज में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। अधिका. रियों के अनुसार फिलहाल 1.2 दिन गर्मी बढ़ेगी, लेकिन 19 मार्च से मौसम बदलते ही प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### दरोगा भर्ती के विवादित सवाल से नाराज युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया। युवक अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था और मुख्य गेट के सामने आते ही उसने अपने ऊपर केरोस. ीन छिड़कना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसका आरोप है कि हाल ही में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में एक विवादित सवाल पूछा गया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 76070.84
निफ्टी 23581.15



सोना 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 275000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी आईटी व एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही, हालांकि आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक (0.75 प्रतिशत) चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 23,581.15 अंक पर पहुंच गया। ऑटो, धातु, मीडिया, रियलटी, वित्त, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में मजबूत लिवाली के बीच आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के सूचकांक गिरावट में रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग पौने छह फीसदी मजबूत हुआ। टाटा स्टील में करीब साढ़े चार फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीईएल, एलएंडटी और भारती एयरटेल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। मारुति सुजुकी, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी गिरावट में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। चांदी की कीमत 3000 रुपये बढ़कर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 860 रुपये बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10 पर 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में सोने 1,061 रुपए या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 1,56,797 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,56,649 का न्यूनतम स्तर और 1,56,996 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है, जो दिखाता है कि सोना तेजी के साथ, लेकिन एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। दूसरी तरफ 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में चांदी 3,353 रुपए या 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,885 रुपए पर कारोबार कर रही थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,58,338 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,61,457 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली बढ़त के साथ करीब 5,008 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं स्पॉट सिल्वर की कीमत 0.21 प्रतिशत गिरकर लगभग 80.5 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मुद्रा योजना में एनपीए 2.3 प्रतिशत के करीब

**नई दिल्ली, वार्ता**

सरकार ने मंगलवार को बताया कि मुद्रा योजना में पिछले तीन साल में कुल 15.50 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं और गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का अनुपात कुल दिए गए ऋण के 2.3 प्रतिशत के आसपास है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मुद्रा योजना के तहत मुख्य रूप से तीन श्रेणियां हैं- शिशु, किशोर और तरुण।

तीनों योजनाओं को मिलाकर कुल एनपीए लगभग 2.3 प्रतिशत के आसपास है। विशेषकर शिशु श्रेणी में एनपीए के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस श्रेणी में एनपीए कुल दिए गए ऋण के 1.83 प्रतिशत के आसपास है। उन्होंने कहा, षशिशु यदि श्रेणीवार मैं विशिष्ट एनपीए की बात करूं, तो इसका एनपीए अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने बताया कि शिशु श्रेणी में पहली बार ऋण लेने वालों को वित्तीय मदद दी जाती है, जो बहुत ज्यादा नहीं होता। तो ऐसा नहीं है कि एनपीए बहुत ज्यादा है, या यह काफी बड़ा हिस्सा है और इसलिए हमें व्यापक स्तर पर कार्रवाई करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना में ऋण लेने वाले ज्यादातर लोग बैंक के आसपास के ही होते हैं, और इसलिए बैंक उनसे नियमित संपर्क में हैं। मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2025 के बीच कुल 18.37 करोड़ खातों में 15.50 लाख करोड़ के ऋण जारी किए गए हैं। इसमें शिशु श्रेणी में 3.96 लाख करोड़, किशोर में 7.52 लाख करोड़, तरुण में 3.98 लाख करोड़ और तरुण प्लस में चार हजार करोड़ रुपये के ऋण जारी किए गए हैं। करीब 19 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को और 65 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। लिखित उत्तर में 31 मार्च 2025 के आंकड़ों में कहा गया है कि शिशु श्रेणी में एनपीए 1.50 प्रतिशत, किशोर में 2.49 प्रतिशत और तरुण में 2.10 प्रतिशत है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प प्रशासन...** जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए। जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वाशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रम्प प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

**पाकिस्तान की...** स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। पाकिस्तान ने रविवार रातभर भी कंधार प्रांत में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई आपरेशन 'गजब -लिल-हक' के तहत की। इसके जवाब में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के सैन्य कैंप पर हमला किया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुता. बिक, हमले में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन सीमा पार हमलों की तैयारी के लिए करते थे।

**पितृत्व अवकाश...** हो। अदालत ने कहा कि बच्चे की देखभाल और भावनात्मक विकास में माता-पिता दोनों की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के शुरुआती महीने और साल उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं। अदालत ने कहा कि अगर पिता को इस समय बच्चे के साथ रहने का मौका नहीं मिलता, तो बच्चे और पिता दोनों इस महत्वपूर्ण अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पितृत्व अवकाश की व्यवस्था होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि यह सही है कि मां बच्चे के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। पिता का सहयोग मां के लिए भी जरूरी होता है, खासकर बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय में। अदालत ने कहा कि पितृत्व अवकाश से पिता बच्चे की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और परिवार की जिम्मेदारियां साझा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पितृत्व अवकाश की व्यवस्था से समाज में पारंपरिक सोच भी बदलेगी। इससे यह धारणा कमजोर होगी कि बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि अगर पिता को भी अवकाश मिलेगा तो परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और माता-पिता दोनों की भूमिका संतुलित होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने कहा कि इस अवकाश की अवधि ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। इससे पिता भी बच्चे के शुरुआती विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और परिवार को बेहतर समर्थन मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा के हर हथकंडे पर फिरा पानी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जीता

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई।

कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था। भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की को. शिश की। यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। हुड्डा ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व बधाई दी और कहा कि हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, उससे साफ हो गया कि भाजपा का लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सजग कार्यकर्ताओं ने लूट नहीं होने दी और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले करमवीर बौद्ध को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की योजना खरीद-फरोख्त से संख्या हासिल करने की थी, लेकिन जब ये योजना फेल हो गई, तो पार्टी ने अपनी बी टीम इनेलो को सक्रिया किया, जिसने चुनाव के दिन तक अपना रूख साफ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जब 30 से ज्यादा वोट पड़ गए, तो इनेलो मतदान से भाग खड़ी हुई। इस सबके बाद भाजपा ने अपना तीसरा हथकंडा अपनाने की कोशिश की, जहां उन्होंने चुनाव आयोग को अपने साथ लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने पक्षपात किया और हमारे चार वोट कैंसिल कर दिए, जबकि ये सभी वोट वैलिड थे।

### पाबंदियों के बीच कश्मीर में मना शब-ए-कद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शब-ए-कद्र बेहद अकीदत और जज्बे के साथ मनाई गई। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन रात भर इबादत करने के लिए मस्जिदों और दरगाहों में उमड़ पड़े। इसे लैलतुल कद्र के नाम से भी जाना जाता है। ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर पूरी घाटी के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। अधिकारियों ने यहां लगातार सातवें वर्ष रात भर की सामूहिक इबादत पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही प्रशासन ने कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। अकीदतमंद सुबह तड़के तक दुआओं, कुरान पाक के पाठ और विशेष तरावीह की नमाज में मशगूल रहे। सबसे बड़ा मजमा खूबसूरत डल झील के किनारे स्थित मुकद्दस हजरतबल दरगाह में लगा था, जहां इस पाक मौके पर आशीर्वाद लेने के लिए भारी तादाद में अकीदतमंद जमा हुए।

# गोल्डन ऑवर में दिखा बेहतरीन समन्वय व सामंजस्य

**पांच जनपदों में मॉक ड्रिल से परखी गई तैयारियां**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के प्रथम चरण में मंगलवार को बागेश्वर, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग एवं नैनीताल जनपदों में व्यापक स्तर पर बहु-स्थलीय मॉक अभ्यास आयोजित किए गए। इन मॉक ड्रिल के जरिये संभावित आपदा की परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, विभागीय समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता तथा राहत एवं बचाव तंत्र की वास्तविक तैयारियों का आकलन किया गया। यह पहला अवसर रहा जब जनपदों द्वारा स्वयं अपने स्तर पर मॉक ड्रिल की गई और यूएसडीएमए द्वारा सिर्फ मॉनीटरिंग की गई।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी जनपदों में संचालित मॉक अभ्यासों की निरंतर निगरानी की गई। विभिन्न परिदृश्यों जैसे भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना, नदी में बाढ़, वनाग्नि एवं अन्य आपात स्थितियों के माध्यम से तैयारियों को परखा गया। मॉक अभ्यास के दौरान पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए प्रभावितों के सुरक्षित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, राहत वितरण की प्रक्रियाओं का अभ्यास किया।



### यूएसडीएमए की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए श्रीलंका के अधिकारी

देहरादून। नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस के तत्वावधान में श्रीलंका के 40 सिविल सेवा के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का भ्रमण किया। इस दौरान प्रति. निधिमंडल ने राज्य में आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) एवं डीआईजी राजकुमार नेगी ने प्रतिनिधिमंडल को यूएसडीएमए द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ. पीडी माथुर, डॉ. पूजा राणा आदि मौजूद रहे।

### जनपद बागेश्वर-अभ्यास में दिखी समन्वित त्वरित कार्रवाई

जनपद बागेश्वर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित मॉक अभ्यास के दौरान भूकम्प, भूस्खलन, आग एवं वन्यजीव हमले जैसी परिस्थितियों का यथार्थपरक प्रदर्शन किया गया। डिग्री कॉलेज क्षेत्र में भवन क्षति एवं मलबे में फंसे लोगों के रेस्क्यू, गरुड़ क्षेत्र में भूस्खलन, कांडा में आग लगने तथा गुलदार हमले के परिदृश्यों पर प्रभावी राहत-बचाव कार्य किए गए। डीएम आकांक्षा कोंडे द्वारा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से लगातार मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभ्यास के दौरान चिन्हित कमियों को दर्ज कर सुधार के निर्देश दिए गए।

### जनपद रुद्रप्रयाग-भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना व वनाग्नि पर समग्र अभ्यास

रुद्रप्रयाग जनपद में भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना एवं वनाग्नि जैसी घटनाओं पर आधारित मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

सिरोहबगड़, मुनकटिया, सोनप्रयाग क्षेत्रों में भूस्खलन, घोलतीर में सड़क दुर्घटना, अगस्त्यमुनि में भूकम्प तथा बुवाखाल क्षेत्र में वनाग्नि के परिदृश्यों पर विभिन्न विभागों द्वारा समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान त्वरित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, संसाधनों के उपयोग एवं स्टेजिंग एरिया से संचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान चिन्हित कमियों को दर्ज कर सुधार के निर्देश दिए गए।

### जनपद पौड़ी-जटिल परिस्थितियों में त्वरित रेस्क्यू का प्रदर्शन

जनपद पौड़ी में चार अलग-अलग स्थानों पर नदी के जलस्तर में वृद्धि, भूस्खलन, बस दुर्घटना एवं वनाग्नि के परिदृश्यों पर मॉक अभ्यास किया गया। कोटद्वार क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया, थलीसैंण में भूस्खलन के दौरान घायलों को एयरलिफ्ट किया गया, धुमाकोट क्षेत्र में बस दुर्घटना में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया तथा बुवाखाल क्षेत्र में वनाग्नि पर नियंत्रण पाया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में कंट्रोल रूम से पूरी कार्यवाही की सघन निगरानी की गई तथा सभी एजेंसियों द्वारा त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की गई।

# देहरादून- पिथौरागढ़ के लिए आरसीएस उड़ान सेवा जल्द

**केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी जानकारी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर बताया है कि देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच आरसीएस उड़ान सेवा जल्द शुरु हो सकती हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने बीते दिनों केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर, देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच उड़ान सेवाओं को मजबूत करने के लिए पत्र लिखा था। केंद्रीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत उड़ान सेवा के लिए, मैसर्स स्काईहॉप एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जरूरी औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद कंपनी द्वारा इस मार्ग पर आरसीएस उडानों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देहरादून से पिथौरागढ के बीच नियमित विमान सेवाओं के लिए अन्य विमानन कंपनियों को भी पत्र लिख रही है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना - प्रथम चरण के अवशेष भुगतान के साथ ही दूसरे और तीसरे चरण के कार्यों को पूरा करने की समय सीमा भी मार्च 2027 तक विस्तारित कर दी है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार लगातार उत्तराखंड को सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में हवाई सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। सरकार पिथौरागढ़- देहरादून के बीच नियमित हवाई सेवा शुरु करने के लिए प्रयासरत है। इससे सीमांत के लोगों का देहरादून से सीधे सम्पर्क स्थापित हो सकेगा।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# मुख्यमंत्री ने देखी केरल स्टोरी-2

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मॉल ऑफ देहरादून में बहुचर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2' देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म समाज में घटित हो रही संवेदनशील घटनाओं को उजागर करते हुए जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और जनसंख्या संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बना है जिसने समान नागरिक संहिता लागू कर एक ऐतिहासिक पहल की है, जो समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अवैध और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कानून समाज में पारदर्शिता, सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं।



**कहा, राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और जनसंख्या संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी विशेष वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में समाज को सोचने और समझने का अवसर देती हैं, और सरकार ऐसे हर प्रयास का समर्थन करती है।

इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, दुर्गेश्वर लाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं अन्य जनप्रति. निधि थे।

### सीएम ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 75 करोड़ की धनराशि

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बढ़ते साईबर अपराधों की चुनौतियों का सामना करने, अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास, के साथ ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों के पुर्ननिर्माण आदि से संबंधित कर्यों के लिए 75 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ते साईबर अपराधों और चुनौतियों से निपटाने के लिए देहरादून में साईबर उत्कृष्टता केन्द्र साईबर सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण के लिए 31.63 करोड, जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अन्तर्गत एन.एच. 109 में पं० राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कॉलेज से अटरिया माता मंदिर मोड़ सिडकुल एवं आनन्दपुर होते हुए एस.एच. 44 तक सड़क पुर्ननिर्माण के लिए 22.72 करोड़ के साथ राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के शिमला पिस्तौर कुरैया मोटर मार्ग का पुन: निर्माण एवं सुधार कार्य के लिए 19.40 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

# एसआईआर के लिए जिलेवार एक्शन प्लान बनाएं जिलाधिकारी: सीईओ

## कम मैपिंग वाले ईआरओ को होंगे नोटिस जारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली जिलों की समीक्षा बैठक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सचिवालय में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा की। बैठक में कम मैपिंग वाले जनपदों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित ईआरओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एसआईआर का एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है, लेकिन जनपद देहराद. ून, उधमसिंह नगर और नैनीताल में मैपिंग की प्रगति कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के अधिकारियों,कर्मचारियों की एसआईआर के लिए तैनाती की जाए। उन्होंने बीएलओ की ट्रेनिंग कार्य लगातार चलाए जाने के निर्देश दिए।



**शहरी क्षेत्रों में बीएलओ के साथ नगर निगम कर्मी होंगे, एसआईआर में शामिल ■ उत्तराखण्ड में अप्रैल माह से सम्भावित एसआईआर**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों को एसआईआर से पूर्व सभी बूथों पर शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति के लिए राजनैतिक दलों से बैठक करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जनपद गणना प्रपत्र के वितरण का पूरा प्लान तैयार कर दें ताकि समय पर फार्म वितरण की प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से उपस्थित रहे।

# अल्पसेवित, आकांक्षी श्रेणी से राज्य में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापना को प्राथमिकता

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज स्थापना में अल्पसेवित एवं आकांक्षी जिला श्रेणी के तहत अल्मोड़ा, रुद्रपुर, पिथौरागढ़ और हरिद्वार को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों के सृजन में भी उत्तराखंड को लाभ मिलने जा रहा है।

सदन के पटल पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा उत्तराखंड के दूरस्थ पहाड़ी जिलों में स्थित जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने को लेकर जानकारी मांगी गई। जिसके जबाब में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि मौजूदा जिला या रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना का संचालन हो रहा है। जिसमें उन अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है।



**एमबीबीएस, स्नातकोत्तर सीटों के सृजन में भी मिलेगा उत्तराखंड को लाभ**

केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है।

# चारधाम यात्रा पंजीकरण 6 लाख से अधिक पहुंचा: द्विवेदी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** चारधाम यात्रा का अप्रैल माह में शुभारंभ हो रहा है आगामी यात्रा काल को ध्यान में रखकर बीकेटीसी ने बजट प्रावधान किये है।

उल्लेखनीय है कि श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे है जबकि श्री गंगोत्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को खुलेंगे।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मंगलवार को केनाल रोड देहरादून स्थित बीकेटीसी कार्यालय के निकट आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश में केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब बदरीनाथ पुनर्निर्माण कार्य चल रहे है।प्रदेश सरकार के स्तर पर धामों में यात्रा तैयारियां त्वरित गति से चल रही है।

बीकेटीसी का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सरल- और सुगम दर्शन व्यवस्था करना है। इसके लिए बजट में आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं।कहा कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा पंजीकरण 6 लाख से अधिक पहुंचा 6 मार्च से 16 मार्च तक दो सप्ताह में केदारनाथ के लिए 206622 तथा बदरीनाथ के लिए 182212 तथा गंगोत्री धाम के लिए 115763 तथा यमुनोत्री धाम के लिए 113256 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया है।

16 मार्च तक 617853 तीर्थयात्रियों ने यात्रा पंजीकरण करवाया है। शीतकालीन यात्रा वर्ष 2025- 26 धामों के कपाट बंद होने के बाद 16 मार्च 2026 तक 50 हजार श्रद्धालुओं ने शीतकालीन पूजा स्थलों में किये दर्शन किये।

इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, सदस्य प्रह्लाद पुष्पवान मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड आदि मौजूद रहे।



**यात्रा की तैयारियों में जुटी श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ■ इस यात्रा वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के चार धाम आने की उम्मीद**

### आगामी यात्रा वर्ष 2026-27 के लिए 121 करोड़ का बजट पारित

विगत 10 मार्च को संपन्न हुई श्री केदारनाथ-बदरीनाथ मंदिर की बैठक में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक का ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया है प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है।श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की बजट बैठक में आगामी यात्रा वर्ष 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए लिए 1210799501 से अधिक का अनुमानित बजट पारित किया गया।

### एक नजर .......

### सीएम धामी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवा. निवृत्त) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर राज्यपाल को अवगत कराया तथा प्रदेश के समग्र विकास, सुशासन एवं जनकल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की ।



### सीएम ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री बहुगुणा की पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय बहुगुणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी नेता एवं कुशल प्रशासक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।



# अवैध निर्माण करने वालों पर एमडीडीए की ताबड़तोड़ कार्रवाई

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** शहर देहरादून में अनियंत्रित और अवैध निर्माणों पर लगाम कसने के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर निर्माण कार्यों को सील कर दिया। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने नियमित निगरानी, प्राप्त शिकायतों और उच्चाधिकारियों के निर्देशों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहे निर्माणों को चिन्हित किया और तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की।

आजाद कॉलोनी, सना मस्जिद क्षेत्र में युनुस द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को निरीक्षण के दौरान पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति और आवश्यक अनुमति के किया जा रहा था, जो प्राधिकरण के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण स्थल को सील कर दिया।

कारगी चौक स्थित कलिंगा विहार क्षेत्र में भी प्राधिकरण ने सख्ती दिखाई। यहां संजय बमोला द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में आवश्यक दस्तावेजों का अभाव पाया गया। प्राधिकरण की टीम ने इसे अवैध मानते हुए मौके पर ही सीलिंग की कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, दोनों ही मामलों में निर्माणकर्ताओं को पूर्व में नियमों की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की गई।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देशों पर पछवादून क्षेत्र के सेक्टर-12 में व्यापक संयुक्त निरीक्षण एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवर्तन टीम ने क्षेत्र के विभिन्न निर्माण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माणकर्ताओं से मानचित्र स्वीकृति, नक्शा पास होने से संबंधित दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की। अभियान के दौरान कुल 14 निर्माण कार्यों की जांच की गई, जिनमें आवासीय और व्यावसायिक दोनों प्रकार के भवन शामिल थे। निरीक्षण के दौरान कई मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके या संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ऐसे मामलों को चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। जबकि एक स्थान पर की जा रही प्लाटिंग के कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया गए। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



**अवैध निर्माणों को किया सील ■ निर्माण स्थलों का प्रवर्तन टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण, नियम विरुद्ध निर्माण बर्दाश्त नहीं होंगे: तिवारी**

### अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति: तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि देहरादून के सुनियोजित और व्यवस्थित विकास के लिए यह जरूरी है कि सभी निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप हों। बिना मानचित्र स्वीकृति या नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे निर्माण न केवल अवैध हैं, बल्कि भविष्य में शहर की अव्यवस्था का कारण बनते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में सीलिंग के साथ-साथ ध्वस्तीकरण जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। तिवारी ने प्रवर्तन टीम को नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए आमजन से नियमों का पालन करने की अपील की।

### शहर में लगातार चल रहा निरीक्षण अभियान: बर्निया

प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि एमडीडीए द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध निर्माण की शिकायत मिलती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाती है। आज की सीलिंग कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिन निर्माणकर्ताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य शहर में अवैध निर्माणों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना है और इसके लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्थापना वर्ष-2018
NEW ADMISSION OPEN
AGM
भण्डारी सैनिक कॉनवेन्ट
निकट सरदार पुलिया, जगतपुरा, आवास विकास, रूद्रपुर
1. एडमिशन फीस पूरी माफ, ट्रॉंसपोर्ट की सुविधा ।
2. नये प्रवेश पर एक साल का ट्यूशन फ्री ।
3. पुलिस / आर्मी के लिए नर्सरी कक्षा की फीस मात्र - 500/-
4. एकल माता-पिता वाले बच्चों को 50% तक की छूट
5. जूडो-कराटे, डाँस, योगासन एवं कम्प्यूटर भी निःशुल्क ।
6. सैनिक स्कूल व जवाहर नवोदय की फ्री कोचिंग ।
7. एक साल की पूरी फीस जमा करने पर दो साल की शिक्षा फ्री ।
8. विद्यालय परिसर में CCTV कैमरों की व्यवस्था ।
9. अनुभवी कर्मठ प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित अध्यापक
प्रधानाचार्य - 98372 15759

# अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## बहुउद्देशीय शिविर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' के तहत न्याय पंचायत सल्ला रौतेला में शीतलखेत स्थित रामलीला मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने आमजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 43 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिविर के माध्यम से 739 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा 349 आवेदन भी मौके पर भरे गए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही सरकारी तंत्र का मुख्य उद्देश्य है और प्रत्येक अधिकारी को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। यहां जिला पंचायत सदस्य व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, एसडीएम संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### मजखाली गांव में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**अल्मोड़ा।** जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत न्याय पंचायत रियूनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मजखाली में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी संतोष जेठी ने बताया कि शिविर में कुल 186 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 146 का मौके पर ही समाधान किया गया। साथ ही विभिन्न प्रमाण पत्रों के 115 आवेदन प्राप्त हुए तथा 942 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिला पंचायत सदस्य दीपक कन्नू शाह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध हों।

# आपदा से निपटने के लिए बागेश्वर में हुई मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से एक व्यापक मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, यूपीसीएल, रेडक्रॉस और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और अपनी त्वरित राहत व बचाव क्षमता का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिला आपदा कंट्रोल रूम से लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से घटनाओं की मॉनिटरिंग की और सभी घटनाओं की स्थिति पर नजर रखी।

उन्होंने इंसिडेंट कमांडरों से संवाद कर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की और अभ्यास के दौरान सामने आई कमियों को सुधारने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में बेहतर आपदा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। मॉक अभ्यास में विभिन्न आपदा परिदृश्यों का यथार्थपूर्ण प्रदर्शन किया गया। जिला मुख्यालय के डिग्री कालेज के पास एक भवन के क्षतिग्रस्त होने और मलबे में दबे नागरिकों की स्थिति को दिखाया गया। एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया और घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भेजा। गरुड़ ब्लॉक के जखेड़ा क्षेत्र में भूस्खलन से गोशाला के क्षतिग्रस्त होने और गौवंश व नागरिकों के दबने पर राहत कार्य किया गया। कांडा पॉलिटेक्निक में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की स्थिति में यूपीसीएल और स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। गुलदार के हमले में घायल व्यक्ति का बचाव किया गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। लैंडस्लाइड जैसी स्थिति से निपटने का भी अभ्यास किया गया, जिसमें राहत एवं बचाव कार्य चलाए गए।

## एक नजर

### ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** आईटीआई कोतवाली में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर एक ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सूरज पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम करनपुर थाना अजीमनगर जिला रामपुर ने तहरीर देकर बताया कि उसका भाई रामपाल व नन्दकिशोर व गांव के रामपाल पुत्र सामले नेनोफिल फैक्ट्री महुआखेडागंज में काम करते थे। 15 मार्च को ड्यूटी से वापस आते समय सुबह लगभग सवा छह बजे भाई रामपाल व नन्दकिशोर व उनका साथी रामपाल को वीरपुर रोड महुआखेडागंज भारत पैट्रोलियम रजा फिलिंग स्टेशन के आगे रावत ढाबे के सामने ट्रक सं. एचआर-55 एडब्ल्यू 2854 का चालक ने टक्कर मार दी, जिसमें रामपाल की मृत्यु हो गई तथा नन्दकिशोर को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा रामपाल को रुद्रपुर के लिये रेफर कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर तक चालक के खिलाफ मुकदमा लिखकर जान शुरू कर दी है।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईटीआई थाना क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि गांव का ही मुकेश पुत्र वीर सिंह उनकी नाबालिग पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता हरीश नेगी का भव्य स्वागत

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश नेगी के बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के चुनाव में निर्वाचित होने पर भव्य समारोह आयोजित कर अधिवक्ताओं द्वारा हरीश नेगी का माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश नेगी ने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए समर्पित कर दिया है। मैं निरंतर क्षेत्र के अधिवक्ताओं के लिए कार्य करूंगा। वहीं, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि हरीश नेगी का निर्वाचित होना अधिवक्ताओं के लिए ही नहीं बल्कि काशीपुर क्षेत्र के लिए भी सम्मान की बात है। संचालन एसोसिएशन सचिव यशवंत सिंह चौहान ने करते हुए मांग की कि अधिवक्ता की मृत्यु पर 5 लाख की राशि मृतक के परिवार को दी जानी चाहिए। इस मौके पर विधु शेखर शर्मा, अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, पराकेश प्रजापति, प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह विर्क, कश्मीर सिंह, आनंद स्वरूप रस्तोगी, उमेश जोशी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, अब्दुल सलीम आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की कोतवाली में सूचना दी है, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग की खोजबीन शुरू कर दी। पुष्प विहार कालोनी बड़ गुरुद्वारे के पास के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नावालिग पुत्री 16 मार्च को दोपहर करीब एक बजे घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गयी है। जो अभी तक घर वापस नहीं आयी है। परिवार ने समस्त रिश्तेदारी व आस-पड़ोस में तलाश किया परन्तु कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुद की दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फायरिंग का वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** इंस्टाग्राम आईडी में फायरिंग का वीडियो अपलोड करना युवक का भारी पड़ गया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकमदा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार इंस्टाग्राम की एक आईडी में फायरिंग का एक वीडियों इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है। इस पर पुलिस की साइबर टीम ने वीडियों की जानकारी जुटाई। पता चला कि आईडी नगर से सटे खत्याड़ी निवासी एक युवक की है। साथ ही जिस शस्त्र से फायर किया गया था उसका लाइसेंस भी नहीं मिला। मामले में पुलिस ने स्वंत संज्ञान लेते हुए धारानौला चौकी प्रभारी आनंद कश्मीरा ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपी युवक रजत के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शस्त्र कहा से आया और आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### बागेश्वर में रोजाना के जाम से लोग परेशान

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में लगातार लग रहे जाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्याल में प्रदर्शन कर एसपी से मुलाकात की। मुलाकात में वक्ताओं ने कहा कि नगर में आए दिन जाम लगने से 108 एंबुलेंस से लेकर स्कूली वाहन घाटों तक फंस रहे हैं। जाम के चलते राहगीर भी परेशान हैं। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। जाम से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि टैक्सी गाड़िया सड़क पर बेतरतीब खड़ी रहती हैं, साथ ही उन्हें स्टैंड से बाजार आने जाने के लिए छोड़ा जा रहा है। वही महानगरों को आने जाने वाले गाड़िया बायपास के बजाए शहर के बीचों-बीच से आ जा रही है। इसके अलावा बारात की गाड़िया भी बाइपास होकर नहीं जा रही हैं। इस कारण अधिक जाम लग रहा है। उन्होंने पुलिस से लंबे रूट के वाहनों को बाइपास भेजने तथा शहर को जाम मुक्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में नगर अध्यक्ष मनोज शाह, भगवत डसीला, बालकृष्ण, ललित गोस्वामी, कुंदन गिरी, विनोद पाठक आदि मौजूद रहे।

### सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो: अलका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल ने नवरात्र एवं ईद पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की प्रशासन से मांग की। उन्होंने कहा कि



आगामी समय नवरात्र एवं ईद है। ऐसे में जरूरी है कि नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में व्यापक सफाई अभियान चला कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाए। अलका पाल ने बताया है कि उन्होंने नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट से वार्ता कर नवरात्र एवं ईद के अवसर पर मंदिरों और मस्जिदों के आसपास तलीझाड़ अभियान चला कर स्वच्छता का मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग, जल निगम एवं नगर निगम प्रशासन को बिजली, जल आपूर्ति के साथ-साथ पुलिस विभाग को भी असामाजिक तत्वों पर निगाह रखनी होगी। क्योंकि नवरात्रि और ईद का पर्व आसपास है। ऐसे में जरूरी है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन कमर कसे, ताकि असामाजिक तत्व सर न उठा सकें।

# गैरसैंण को राजधानी बनाने और भू-कानून पर गरजी यूकेडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) अल्मोड़ा द्वारा मंगलवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने, सख्त भू-कानून लागू करने, जल-जंगल-जमीन पर स्थानीय लोगों के अधिकार तथा युवाओं के पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उत्तराखंड युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि प्रदेश से युवाओं का लगातार पलायन सरकारों की किलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि गैरसैंण को राजधानी बनाया जाता है तो पहाड़ के समग्र विकास का मॉडल तैयार होगा और नए शहरों का विकास संभव होगा। पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कठायत ने भूमि की चकबंदी को रोजगार से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि गांवों के खाली होने के पीछे सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं, जिससे बाहरी लोगों द्वारा संसाधनों के दोहन का खतरा बढ़ रहा है। इस दौरान कई लोगों ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की। त्रिलोक सिंह लटवाल ने अपने समर्थकों के साथ तथा सोमेश्वर के पूर्व सैनिक पूरन सिंह ने भी साथियों सहित दल में शामिल होकर संगठन को मजबूती दी। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चैती मेले की तैयारियां प्रारंभ

## मेला अधिकारी ने बैठक लेकर दिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर में मंगलवार को आयोजित मेला प्रबंध समिति की बैठक में मेला अधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मां बाल सुंदरी देवी मंदिर परिसर में चारों और वॉइस कैमरे लगाए जाने व मेले में लगने वाली दुकानों के बाहर आवश्यक फायर उपकरण लगाने ने निर्देश दिये। इसके अलावा पिछले मेले में हुई जहरखुरानी की घटनाओं से सबक लेते हुए उनकी पुनरावृति रोकने पर भी विचार किया गया। मेला अधिकारी, एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेले के दौरान द्रोणासागर के पीछे से आने वाला



रास्ता बंद रहेगा। सफाई ठेकेदार द्वारा मेले में तीन चरणों में प्रतिदिन मेला परिसर की सफाई की जाएगी। इसके अलावा दिन में कई बार पानी का छिड़काव किया जाएगा। इस बार मेले में सर्कस के न आने से वहां अन्य कोई बाजार लगाने पर विचार किया जा रहा है। कोतवाली आईटीआई के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रवि कुमार सैनी ने बताया कि पार्किंग पर लगे बैरियरों पर भी वॉइस कैमरे लगाए जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। होटल मेनोर के पास स्थित प्रगति बिहार कालोनी से अवैध रुप से गुजरने वाले टेम्पो व ई रिक्शा चालकों का चिन्हित कर चालानी कार्यवाही की जाएगी। मेले के मुख्य मार्ग व मंदिर परिसर में हाई मास्क लाइटें लगायी जाएंगी। यहां तहसीलदार पंकज चंदोला, असिसटेंट कमिश्नर जीएसटी राहुल सिंह, पंडा वंश गोपाल, पंडा विकास अग्निहोत्री, फायर आफिसर श्याम सिंह, यातायात निरीक्षक नीरज कुमार, पार्षद अनिल कुमार मौजूद रहे।

### संघर्ष समन्वय समिति का अल्मोड़ा में प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय के चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में उद्यान, कृषि एवं राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निजी सर्वेयरों के माध्यम से कराए जाने की मांग की। संघर्ष समन्वय समिति के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कर्मचारियों ने कहा कि विभागीय कार्मिक पहले से ही कई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभानी पड़ती है, जिससे कार्यभार काफी बढ़ गया है। ऐसे में तकनीकी रूप से जटिल डिजिटल क्रॉप सर्वे का अतिरिक्त कार्य उनके नियमित कामकाज को प्रभावित कर रहा है। कहा कि अन्य राज्यों में इस तरह के सर्वे कार्य निजी एजेंसियों से कराए जाते हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों बेहतर रहती हैं। इसके अलावा उत्तरकाशी में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर कृषि विभाग के कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई पर भी नाराजगी व्यक्त की गई।

# रामदास अग्रवाल की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मां बाल सुन्दरी गौशाला में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला शाखा इकाई के तत्वावधान में वैश्य समाज के अधिनायक रहे अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. रामदास अग्रवाल की जयंती गौ सेवा के



रूप में मनाई। सभी अतिथियों ने गौशाला में मौजूद सभी गायों को चारा, गुड़, फल आदि खिलाकर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वैश्य गौरव आशीष गुप्ता ने कहा कि हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में गौ सेवा एक सर्वोच्च धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सेवा है जिससे लोगों के भीतर निस्वार्थ प्रेम, करुणा और बेजुबान प्राणियों के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत होता है। राजीव गुप्ता, मनोज अग्रवाल, सुरेश गोयल, एसपी गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता लोहिया, डॉ. संजीव गुप्ता, नवनीत कुमार विश्नोई, पीयूष अग्रवाल नागलिया, ईश्वर चंद्र गुप्ता, बीके गुप्ता, मनोहर गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अमित गुप्ता, जीके अग्रवाल, शरद गुप्ता, मयंक गोयल, अशोक कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता व करन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# सीएसआर पहल से सुदढ़ होंगी स्वास्थ्य सेवाएं, नैनीताल बैंक दी एम्बुलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए द नैनीताल बैंक लिमिटेड ने अपने कार्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बागेश्वर को एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की। मंगलवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिला अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बैंक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रियंशु मेहता और सौरभ रावल को सम्मानित किया गया, जबकि राज्य स्तर पर वॉलीबॉल के नवीन गड़िया और बैडमिंटन की हिमांशी गड़िया तथा तनुजा गड़िया को भी सम्मान प्रदान किया गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बैंक की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि एम्बुलेंस की उपलब्धता से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहायता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक की यह पहल विशेष रूप से दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण होता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुमार आदित्य तिवारी ने बताया कि नई एम्बुलेंस के संचालन से विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे रेफरल सेवाएं भी बेहतर होंगी। द नैनीताल बैंक लिमिटेड के सीईओ एसके लाल ने कहा कि बैंक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में निरंतर योगदान देता रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों का सम्मान करने को युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

**नैनीताल बैंक ने दी एम्बुलेंस, जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी**

# श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज के क्षितिज का जू-जित्सु चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास में पहली बार मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी के ऑडिटोरियम में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के सौजन्य से कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय जू-जित्सु चयन ट्रायल का आयोजन किया गया।




इस चयन ट्रायल में श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर के बी.ए. विभाग के छात्र क्षितिज सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की और उनका चयन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में अप्रैल माह में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जू-जित्सु प्रतियोगिता 2026 के लिए किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या और समस्त शिक्षकगणों ने छात्र क्षितिज सिंह को इस गर्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्रबंधक और कोषाध्यक्ष ने भी इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र क्षितिज सिंह राष्ट्रीय स्तर पर भी महाविद्यालय, जनपद और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय परिवार ने क्षितिज सिंह को आगामी जू-जित्सु प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चैती मेला क्षेत्र से एक और तेंदुआ फंसा पिंजरे में

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर के आसपास दहशत फैलाने वाला एक और तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। विगत सुबह गोविषाण टीला क्षेत्र में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया, जिसके बाद इलाके में राहत की सांस ली। द्रोणासागर और चैती मेला परिसर से सटे गोविषाण टीला क्षेत्र में पिछले चार से पांच वर्षों से तेंदुओं की मौजूदगी से लोग दहशत में हैं। क्षेत्र में रह रहे तेंदुए कई पालतू और लावारिस कुत्तों को अपना शिकार बना चुके हैं, जिससे आसपास के इलाकों में लगातार भय का माहौल बना रहता है। भारतीय पुरातत्व विभाग के कर्मचारी रंजीत सिंह बिष्ट ने बताया कि इससे पहले भी वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरों में पांच तेंदुए पकड़े जा चुके हैं। एक फरवरी को पांचवां तेंदुआ पकड़ा गया था, जबकि सोमवार को छठा तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ है। क्षेत्रवासियों के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों से इलाके में तेंदुओं की गतिविधि बढ़ गई थी। करीब चार दिन पहले ब्लॉक कार्यालय के सामने वाली गली में एक साथ दो तेंदुए देखे गए थे, जिसके बाद लोगों में डर और बढ़ गया था। 19 मार्च से शुरू होने वाले काशीपुर चैती मेला को देखते हुए स्थानीय लोगों और प्रशासन की चिंता बढ़ गई थी, क्योंकि मेले के दौरान हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। वन विभाग का अनुमान है कि इस इलाके में अभी दो तेंदुए और हो सकते हैं। ऐसे में विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और जरूरत पड़ने पर और पिंजरे लगाने की तैयारी भी की जा रही है।


रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद





महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट




फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan
Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद




इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक

जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष
अलीम खान



उपाध्यक्ष
अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद




हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# पिता की मौत: अधूरा रह गया बेटे का जनेऊ संस्कार

## परिवार में कोहराम, रानीबाग में बेटे ने दी मुखाग्नि

### विगत दिवस मुरादाबाद में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों ने गंवाई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** परिवार खुश था, क्योंकि घर में एक बड़ा उत्सव होने वाला था। सुंदर सिंह मेहर के बेटे गर्वित का जनेऊ संस्कार होने वाला था। सुंदर ने इस खास मौके पर रिश्तेदारों और दोस्तों को निमंत्रण भेज दिया था, लेकिन किसे पता था कि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सुंदर की खुशी पल भर में मातम में बदल गई, जब वह सड़क हादसे में असमय अपनी जान गंवा बैठे। पिता जिस बेटे के जनेऊ संस्कार की तैयारियों में लगे हुए थे, मंगलवार को उसी बेटे को पिता सुंदर की चिता को मुखाग्नि देनी पड़ी। पिता की असमय मृत्यु ने खुशियों को मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से टकनपुर के तयाली खेड़ा निवासी सुंदर सिंह मेहर पिछले कुछ वर्षों से हल्द्वानी के लालपुर नायक स्थित आनंदपुरम में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वह नोएडा की एक कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट थे, जबकि उनकी पत्नी पास में ही रेडीमेड गारमेंट की दुकान चलाती थीं। उनका बेटा गर्वित 9वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार देर रात सुंदर का शव उनके घर पहुंचा, और मंगलवार को देरी से रानीबाग घाट ले जाया गया। परिजनों के मुताबिक, सुंदर के भाई हिमाचल प्रदेश में रहते थे, और उनके इंतजार के कारण अंतिम यात्रा में देरी हुई। रानीबाग में बेटे गर्वित ने अपने पिता के शव को मुखाग्नि दी। परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से सुंदर अपने बेटे के जनेऊ संस्कार को लेकर काफी खुश थे। यह संस्कार 26-27 मार्च को होने वाला था, लेकिन अब पिता की असमय मृत्यु के कारण वह कार्यक्रम टल गया है। सुंदर के घर के बाहर कुर्सियां खाली पड़ी थीं, और गली सूनसान थी। पूरा इलाका मातम में डूबा हुआ था।

### शनिवार-रविवार परिवार के साथ बिताया था समय

**हल्द्वानी।** सुंदर ने हल्द्वानी में बेहतर जीवन की तलाश में परिवार को टनकपुर से यहां शिफ्ट किया था। वह नोएडा में सीनियर अकाउंटेंट के तौर पर काम करते थे और पांच दिन परिवार से दूर रहते थे। इस बार वह शुक्रवार को ही घर लौटे थे, और शनिवार-रविवार का समय परिवार के साथ बिताया। सोमवार सुबह नोएडा के लिए निकले, और इस बार वह कुछ घंटे बाद ही लौटे तो सिर्फ बेजान थे।

### गर्वित की परवरिश पर हर किसी ने की तारीफ

**हल्द्वानी।** सुंदर के बेटे गर्वित की परवरिश को लेकर क्षेत्र के लोग हमेशा उसकी तारीफ करते थे। वे कहते थे कि भले ही सुंदर अपने परिवार से दूर नोएडा में काम करते थे, लेकिन उन्होंने अपने बेटे गर्वित को अच्छे संस्कार दिए थे। गर्वित हमेशा पढ़ाई में अच्छा और आज्ञाकारी था। उसे देखकर क्षेत्र के आसपास के लोग यह सोचते थे कि गर्वित एक दिन बड़ा आदमी बनेगा, लेकिन अब पिता की मौत ने उसे गहरी चुप्पी में डाल दिया है।

### परिवार की जिम्मेदारी लेकर आए थे शहर, चार कंधों पर पहुंचे सोमेश्वर

**हल्द्वानी।** परिवार की जिम्मेदारी और अपने बेटे की अच्छी परवरिश के लिए भुवन भंडारी ने सोमेश्वर स्थित अपने पैतृक घर को छोड़कर हल्द्वानी में ससुराल में रहने का निर्णय लिया था। भुवन ने अपनी पत्नी पूजा और 5 साल के बेटे मानस के बेहतर भविष्य के लिए दयाल विहार फेज-टू स्थित ससुराल में घर बनाया। हालांकि, किसी को यह नहीं पता था कि जो व्यक्ति अपने परिवार के लिए इस कठिन फैसले को लेने को मजबूर हुआ था, उसे अपनी जिंदगी से पहले चार कंधों की जरूरत पड़ेगी। परिजनों के अनुसार भुवन का घर छोड़ने का फैसला उनके लिए बेहद कठिन था, लेकिन अपने बेटे की पढ़ाई और अच्छे भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया। सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में उनकी मौत ने न सिर्फ परिवार की उम्मीदों को तोड़ दिया, बल्कि एक और जीवन को रौंद दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद उनके परिजन सोमेश्वर से गूढ़ापांडे पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोमवार को गूढ़ापांडे से हल्द्वानी नहीं लाया गया, बल्कि सीधे सोमेश्वर भेज दिया गया। मंगलवार को सोमेश्वर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अब उनके बेटे मानस की परवरिश की जिम्मेदारी उनकी पत्नी पूजा के कंधों पर आ गई है।

**अनिल का अंत में हुआ पोस्टमार्टम, देर शाम घर पहुंचा शव**

**हल्द्वानी।** कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच हुई भिड़ंत में अनिल नेगी की भी मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है सभी मृतक एक-दूसरे को जानते थे और सभी सोमवार की सुबह 4 बजे योगा टीचर यशदीप पांडे के साथ हल्द्वानी से निकले थे। कार यशदीप की थी और वही कार को चला रहा था। घर से निकलने के करीब सवा दो घंटे बाद ही यानी सवा छह बजे कार मूढ़ापांडे में ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे घुस गई। इस सड़क हादसे में कार सवार सभी की मौत हो गई। जबकि यशदीप पांडे ही इस हादसे में जीवित बचे। पोस्टमार्टम प्रक्रिया में सबसे पहले नोएडा स्थित नैनीताल बैंक के रीजनल मैनेजर दयाल सिंह रावत का पोस्टमार्टम हुआ, जबकि अनिल नेगी का पोस्टमार्टम अंत में मंगलवार को किया गया। मंगलवार देर शाम उनके परिजन शव लेकर घर पहुंचे।

# एक सटोरिया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि बनभूलपुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से हजारों की नगदी व सट्टा पर्चियां बरामद हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात बनभूलपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल महबूब अली और शिवम कुमार गौला बाईपास रोड पर स्थित स्लेटर हाउस चैकिंग कर रहे थे तभी वहां पर कुछ लोगों की भीड़ जमा थी। इसी दौरान पुलिस को देख वह लोग वहां से भागने लगे तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नसीम पुत्र नजाकत अली निवासी लाइन नंबर 16 आज़ाद नगर बनभूलपुरा बताया। जिसकी तलाशी पर पुलिस ने उसके पास से सट्टे की पर्ची, पेन, गत्ता और 1410 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी सटोरिये के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# वन विभाग ने कराया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रभागीय वनाधिकारी हल्द्वानी वन प्रभाग कुन्दन कुमार और उप प्रभागीय वनाधिकारी नन्धौर गणेश दत्त जोशी के नेतृत्व में मंगलवार को हल्द्वानी वन प्रभाग ने ईडीसी सदस्यों और लोकल वॉलेन्टियर्स का शैक्षिक भ्रमण कराया। यह भ्रमण उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाईगर रिजर्व स्थित ईडीसी मुस्तफाबाद और ईडीसी सेला के तहत किया गया। इस भ्रमण में ग्राम-नवाडखोड़ा, देवलामल्ला, विजयपुर, पूर्वी खेड़ा, नकायल, हिम्मतपुर, लछमपुर, किशनपुर रैक्वाल, धार किशनपुर आदि गांवों के ईडीसी सदस्यों को ईडीसी से संबंधित जानकारी और कौशल विकास प्रदान किया गया। वन विभाग का यह प्रयास न केवल वन संरक्षण के लिए, बल्कि स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा देने के लिए किया गया है। प्रतिभागियों को पीलीभीत टाईगर रिजर्व में ईको डवलपमेंट कमेटी द्वारा संचालित कैन्टीन, सोविनियर शॉप, वाहन पार्किंग, स्टे हट, और नौका संचालन के क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि इन गतिविधियों को देखकर ईडीसी सदस्य अपने क्षेत्र में भी ईको टूरिज्म के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ा सकें और स्थानीय लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकें। इस दौरान छकाता रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत सहित कई लोग मौजूद रहे।




# अभी से बूथों पर ध्यान दें कार्यकर्ता

## जिला स्तरीय बैठक में बोले भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की ओर से मंगलवार को एक बैंक्वेट हॉल में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट और जिला प्रभारी खिलेन्द्र चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर तथा सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ किया। राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने जिले से आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाना होगा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं से अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिले में आयोजित हो रहे मंडल प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की। प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने 21 मार्च को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हल्द्वानी में प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे। इसके लिए विधानसभावार तैयारियों की विस्तृत योजना पर भी विचार किया गया। बैठक में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नैनीताल सरिता आर्य, लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, भीमताल राम सिंह कैड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, दीपक मेहरा, नवीन वर्मा, शांति मेहरा, शंकर कोरंगा, रेनु अधिकारी, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# 21 महिलाओं का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तेजस्विनी जन सेवा समिति द्वारा मंगलवार को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सक्षम महिला, समर्थ भारत नामक महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही 21 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष कृति तिवारी ने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे वह शिक्षा हो, नौकरी, व्यवसाय, खेल या विज्ञान का क्षेत्र। आत्मनिर्भर बनने के लिए सबसे जरूरी है शिक्षा, क्योंकि यह हमें सही और गलत का ज्ञान देती है और हमें हमारे अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है। इसके अलावा, हमें अपने कौशल को भी विकसित करना चाहिए, जैसे कंप्यूटर, सिलाई, ब्यूटीशियन या अन्य हुनर, ताकि हम अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। ब्यूटीशियन प्रशिक्षक ललिता पांडेय ने कहा आत्मनिर्भर नारी न केवल अपने परिवार की मदद करती है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम में दिव्य ज्योति महिला एवं बाल विकास संस्था की अध्यक्ष दिव्या कोटियाल, नीलम आर्या, दिशा मोरा, पूजा जोशी, निकिता कुल्याल, पूजा कोरंगा, सपना कार्की, रोशनी कोरंगा, पूजा राणा, शोभा नायाल, मुस्कान अग्रवाल, गीता धामी, सोनिया भंडारी, हरप्रिया दसोंनी, बबीता समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

# परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस वर्ष की वार्षिक ग्रह परीक्षा के कार्यक्रम में 20 मार्च को होने वाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा की तिथि में बदलाव किए जाने की मांग को लेकर महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजा है। संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को भेजे गए पत्र में कहा कि 19, 21 और 22 मार्च को विभागीय अवकाश घोषित है, ऐसे में यदि 20 मार्च की परीक्षा को एक दिन आगे शिफ्ट किया जाता है, तो दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को चार दिन का अवकाश मिल सकेगा। उन्होंने कहा इस वर्ष की विभागीय अवकाश तालिका के अनुसार 19 मार्च को चेटीचंद, 21 मार्च को ईद उल फितर और 23 मार्च को रविवार का साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में 20 मार्च की परीक्षा को एक दिन आगे बढ़ाने पर चार दिन का निरंतर अवकाश मिल सकता है।

# नशा कारोबार पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लामाचौड़ क्षेत्र में अवैध जहरीली शराब, स्मैक और चरस की खुलेआम बिक्री के विरोध में सनातन जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पाण्डे और क्षेत्र पंचायत सदस्य मीना पाण्डे के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका। चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आगे पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और सत्ता में बैठे लोगों का भी पुतला दहन व घेराव किया जाएगा। इस दौरान सनातन जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पाण्डे ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब और नशे की बिक्री लंबे समय से हो रही है, लेकिन शासन-प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सत्ता में बैठे लोगों और अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। साथ ही अवैध शराब के विरोध में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध नशे की बिक्री करने वालों के खिलाफ टीम बनाकर कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी तरह की अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी। क्षेत्र पंचायत सदस्य मीना पाण्डे ने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में क्षेत्र की जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की चुप्पी के कारण ही अवैध नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। यदि जरूरत पड़ी तो महिलाएं आंदोलन को और उग्र रूप देंगी। धरने के दूसरे दिन समर्थन देने वालों में पहाड़ी आर्मी के संस्थापक हरीश रावत, नगर अध्यक्ष कविता, क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मी चौरसिया, पूर्व प्रधान रेखा पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर पड़लिया, दीनदयाल जोशी, कमलकांत पड़लिया, महेश बिष्ट, नीरज बिष्ट, यतिन पाण्डे, हरीश पाण्डे, सुरेंद्र बिष्ट, हरीश पड़लिया, अनिल पड़लिया, गौतम जोशी, रवि नेगी, देव बिष्ट, किशन पाण्डे, भगवती जोशी, हेमा जोशी, बसंत आर्या, नवीन जोशी, गिरीश पाण्डे, भुवन जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कनिष्क ढिंगरा पुन: बने भाजयुमो जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नैनीताल में संगठन ने युवा कार्यकर्ता कनिष्क ढिंगरा पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें पुन: जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में कनिष्क ढिंगरा एकमात्र ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्हें जिला महामंत्री पद पर दोबारा जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर कनिष्क ढिंगरा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को दोबारा इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और मेहनत से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का मंच है और आने वाले समय में युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। कनिष्क ढिंगरा ने इस दायित्व के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी रंजन बर्गली, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट सहित प्रदेश व जिला नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाते हुए युवाओं के बीच पार्टी को और मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

# आगामी होने वाले कार्यक्रमों को लेकर समिति का मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक मंगलवार को समिति के कार्यालय पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे द्वारा की गई। जबकि संचालन महामंत्री डीके पांडे ने किया। बैठक मुख्य वक्ता के रूप में राज्य दर्जामंत्री नवीन चन्द्र वर्मा मौजूद रहे। बैठक में 3 अप्रैल को समिति के स्थापना दिवस व मई माह में समिति के कार्यकारिणी चुनाव को लेकर मंथन किया। इसके साथ ही अप्रैल माह में प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह को लेकर चर्चा की। इसके अलावा प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट समाज सेवा करने वाले वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया। बैठक में इंदर सिंह निगल्टिया, दया किशन बल्यूटिया, प्रताप सिंह जंतवाल, विष्णु सिंह रावत, एलएम लोहनी, बीडी जोशी, शंकर दत्त तिवारी, देवेंद्र सिंह खाती, डा. एचडी तिवारी, जगदीश बल्लभ शर्मा, मोहन चंद्र बुडलाकोटी, मदन सिंह बिष्ट, एसके अग्रवाल, गोविंद बल्लभ जोशी, एके गोयल, केके कबडवाल, मोहन सिंह जंतवाल, एचपी जोसेफ, आनंद सिंह भाकुनी, भगवती बिष्ट, नीरू धवन, साधना दत्त, मीरा श्रौतिया आदि मौजूद रहे।




# पिता-पुत्र का किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज प्यूड़ा विकास खंड रामगढ़ नैनीताल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद जोशी प्रवक्ता बलवंत सिंह गैडा, वरिष्ठ शिक्षक अनिता तिवारी, रेखा कनवाल, अपूर्व तिवारी, अमित कांडपाल, पूजा बिष्ट, मनीष शर्मा, बी लोहनी, इरशाद अंसारी, पवन कुमार, प्रशासनिक अधिकारी योगेश चंद कबड़वाल, वरिष्ठ सहायक तुलसी तिवारी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा कर्नल केशर सिंह बिष्ट (पूर्व छात्र राजकीय इंटर कालेज प्यूड़ा) और इनके पुत्र कर्नल पीयूष बिष्ट ऑफिसर टेर्निंग एकेडमी (ओटीए) चेन्नई में पास आउट की उपलब्धि पर पिता-पुत्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पिता-पुत्र ने विद्यालय के छात्रों को सशस्त्र बलों में जाने और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाचार्य और विद्यालय के स्टाफ ने कहा कि कर्नल केशर सिंह बिष्ट की शिक्षा 12वीं तक राजकीय इंटर कॉलेज प्यूड़ा से हुई थी, और वह अब अपने बेटे के साथ क्षेत्र के लिए प्रेरणा के स्रोत बन चुके हैं। इस सुखद अवसर पर विद्यालय के छात्रों और स्टाफ में गजब का उत्साह देखने को मिला।



# लोनिवि में ग्रामीणों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ग्राम कमेटी द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर एक दिवसीय चेतावनी धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान, बागजाला गांव की सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण के काम की जल्द शुरुआत की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि 24 नवंबर 2025 को उपजिलाधिकारी हल्द्वानी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग से कई विकास कार्यों को लेकर समझौता हुआ था, जिनमें सड़कों का डामरीकरण भी शामिल था। विभाग द्वारा बागजाला की सड़कों के गड्ढों की मरम्मत के लिए 13.31 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन कार्य पूरा नहीं हो पाया। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने इसे विभाग की वादाखिलाफी बताया और चेतावनी दी कि अगर सड़कों की मरम्मत जल्द नहीं हुई, तो ग्रामीणों को अनिश्चितकालीन आंदोलन करना पड़ेगा। किसान महासभा की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि खराब सड़कों के कारण बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कत हो रही है। यदि सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण शीघ्रता से नहीं किया गया तो ग्रामीणों के पास अनिश्चितकालीन आंदोलन को बाध्य होने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प शेष नहीं रहेगा। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि शीघ्र मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में डा. कैलाश पाण्डेय, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, प्रेम सिंह नयाल, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, ललित प्रसाद, हेमा आर्य, मो यासीन, चन्दन सिंह मटियाली, दौलत सिंह कुंजवाल, जीवंती देवी, ललित प्रशाद, दिनेश चंद्र, ललित मोहन, प्रकाश, वासुदेव, महेश राम, चेतन मटियाली, वासुदेव, धनी राम, गणेश राम, हेमा देवी आदि शामिल रहे।




# रौद्र नवसंवत्सर 2083 कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व में कुछ देशों के बीच आकाशीय और जलमार्गीय सत्ता संघर्ष चल रहा है, वहीं 19 मार्च को गुरु बृहस्पति के नेतृत्व में ब्रह्माण्ड की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

### ग्रहों के अनुसार वर्ष रहेगा चुनौतीपूर्ण

इस दिन माता दुर्गा का आगमन पालकी से हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय बताया कि इस बार रौद्र नामक नवसंवत्सर 2083 का आगमन बृहस्पतिवार 19 मार्च को हो रहा है। इस सनातन वर्ष के राजा गुरु बृहस्पति और प्रधान मंत्री मंगल देव होंगे। गुरु के मंत्रिमंडल में सात सौम्य ग्रहों और तीन उग्र ग्रहों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। ब्रह्माण्ड की सरकार मंत्रिमंडल में राजा गुरु बृहस्पति देव, प्रधान मंत्री मंगल देव, सस्येश खरीफ फसल के स्वामी गुरु, धान्येश रवि फसल स्वामी बुध, मेघेश वर्षा के स्वामी चंद्र, रसेश रस पदार्थों के स्वामी शनि, निरसेश धातु, वस्त्र के स्वामी बृहस्पति, फलेश सभी प्रकार के फलों के स्वामी चंद्र, धनेश वित्तमंत्री बृहस्पति, दुर्गेश रक्षा मंत्रालय चंद्र देव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर इन ग्रहों के परिणाम से यह संकेत मिलता है कि सनातन वर्ष 2083 रौद्र नामक वर्ष चुनौतीपूर्ण रहेगा। इस दौरान विश्व में राजनीतिक उथल-पुथल, सीमाओं पर तनाव, आर्थिक संकट, आपसी वैमनस्यता, प्राकृतिक और आकाशीय दुर्घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। मगर भारत मे राजा बृहस्पति की कृपा आर्थिक विकास पर बनी रहेगी।

### रोग-व्याधि और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नव विक्रम संवत 2083 (श्री शाके 1948) का आरंभ रौद्र नामक संवत्सर के साथ हो रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस संवत्सर के राजा देव गुरु बृहस्पति तथा मंत्री मंगल होंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार बृहस्पति के राजा होने से धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, जबकि मंगल के मंत्री रहने से रोग-व्याधि और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ज्योतिष डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से यह नव वर्ष विश्व स्तर पर उथल-पुथल का संकेत दे रहा है। मार्च से मई के बीच विश्व में तनाव और जनहानि के योग बताए गए है। पश्चिमी देशों में तनाव बढ़ने की संभावना है। वहीं भारत के संदर्भ में वर्ष के उत्तरार्ध में राजनीतिक क्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव के संकेत है। आर्थिक दृष्टि से भारत की स्थिति मजबूत रहने और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। जुलाई से सितंबर के पूर्वार्द्ध में दैवी आपदाओं की आशंका है, विशेषकर समुद्री तटीय क्षेत्रों में हानि की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती नक्षत्र यानी मीन राशि के जातकों को शारीरिक कष्ट और विवाद से बचने के लिए मेष संक्रांति के दिन शिव मंदिर में अभिषेक कर चांदी का बायां पैर दान करने की सलाह दी गई है। वहीं मेष, सिंह और धनु राशि वालों को दही-चावल का दान और शिव पूजन करने से लाभ मिलने की बात कही गई है।

# साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति का जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने पार्षद तनुजा जोशी के साथ मिलकर एक जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने बच्चों को शारीरिक सुरक्षा, बोड़ी पार्ट्स की जानकारी और गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। समिति की सचिव हेमा मेलकानी ने बच्चों का आई क्यू टेस्ट लिया, जिसमें साक्षी ने प्रथम स्थान, मुकेश ने दूसरा स्थान और निविसा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को उनकी सफलता पर प्रोत्साहन देने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावा समिति के उपसचिव रमेश चन्द्र आर्य ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और नशे को दूर भगाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अर्चना वर्मा, विजय लक्ष्मी रावत समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# ज्योत्सना जिलाध्यक्ष, भगवती बनी महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी की सहमति से मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने ज्योत्सना पांडे को महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि भगवती बिष्ट को मंच का महिला महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, हेम पाठक, डा. बालम बिष्ट, प्रकाश तिवारी, पुष्पा बिष्ट, कैलाश शाह, भुवन तिवारी, भुवन जोशी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी समेत कई सदस्यों ने बधाई दी।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शक्तिफार्म चौकी का पूरा स्टाफ लाइन हाजिर

**■ अवैध खनन रोकने में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने की कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी अजय गणपति ने अवैध खनन रोकने में लापरवाही बरतने पर शक्तिफार्म चौकी के पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर कर दिया है। चौकी इंचार्ज सहित आठ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किए गए हैं। इस कार्रवाई से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन होने के बावजूद पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के आरोप लगते रहे हैं। सोमवार को समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट समेत पूरी चौकी के स्टाफ एएसआई सुरेंद्र बोरा, भगवान रमोला, हरीश कबड़वाल, भुवन आर्या, तुलसी भट्ट, भूपेंद्र कुमार और दीपक नेगी को लाइन हाजिर कर दिया।

करीब ढाई माह पूर्व शक्तिफार्म में खनन माफिया राजस्व टीम से जब्त ट्रैक्टर ट्रॉली छुड़ाकर ले गए थे। इस मामले में तहसीलदार हिमांशु जोशी ने मुकदमा भी दर्ज कराया था। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। रविवार को राजस्व उपनिरीक्षक की जांच में बैगुल नदी में भी अवैध खनन की पुष्टि हुई थी। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पुलिस खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करने में नाकाम रही।

एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश न लगा पाने और ड्यूटी के प्रति लापरवाही पाए जाने पर शक्तिफार्म चौकी प्रभारी सहित नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। जनपद में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी की इस कार्रवाई से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मिलावटखोरी की रोकथाम को चलाया छापेमारी अभियान

## एक नमूना सेंधा नमक, दो नमूना रागी आटा एवं एक नमूना साबुदाना का लिया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सचिव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तराखण्ड सचिन कुर्वे एवं जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा दिए ग निर्देशों के क्रम में मंगलवार को आगामी नवरात्र पर्व के दृष्टिगत आग जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु व खाद्य पदार्थों में मिलावट की प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य संरक्षा) ललित मोहन पाण्डे के नेतृत्व में सघन अभियान के तहत छापेमारी की कार्यवाही करते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रुद्रपुर क्षेत्र स्थित मॉल का निरीक्षण कर 01 नमूना सेंधा नमक, 02 नमूना रागी आटा एवं 01 नमूना साबुदाना का लिया गया।

श्री पाण्डे ने बताया प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 04 नमूने लिये जिनको परीक्षण हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर में भेजा गया।



जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तथा नमूने मानकों के अनुरूप सही न पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिये गये कि कुटु का आटा बिना वैध खाद्य लाईसेंस/पंजीकरण के निर्माण, पैकिंग, संग्रह व विक्रय नहीं किया जाये, कुट्टु के खुले आटे के विक्रय से परहेज किया जाये। कुट्टु का आटा सील बन्द पैकेट में किया जाये। जिस पर निर्माण/ पैकिंग/ एक्सपायरी तिथि, निर्माण रिपैकर का सम्पूर्ण पता एवं खाद्य लाईसेंस नम्बर आदि अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि खाद्य कारोबारकर्ता को कुटु के बीज अथवा आटे के क्रय विक्रय का विवरण लिखित रूप में रखा जाना अनिवार्य होगा।

श्री पाण्डे ने बाहरी प्रदेशों से केवल पंजीकृत/ लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही उन्होने आम जनमानस से अपील है कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत कर सकते हैं। निरीक्षण अभियान टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य संरक्षा) ललित मोहन पाण्डे, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या, पंकज कुमार आदि सम्मिलित थे।

# सात दिवसीय शिविर का हुआ भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आरएलएसएम महाविद्यालय किशनपुर जसपुर उधम सिंह नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर जसपुर में उत्साह पूर्वक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन ग्राम प्रधान नीशू रानी उप ब्लाक प्रमुख विमल कुमार व प्रधानाचार्य गीता चौहान, महाविद्यालय सचिव विनय चौहान ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नीशु रानी, विशिष्ट अतिथि उप ब्लाक प्रमुख विमल कुमार एवं अति विशिष्ट अतिथि स्कूल की प्रधानाध्यापिका गीता चौहान, अतिथि संजय राजपूत, नरेश कुमार रहे। अतिथियों ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विक. सित करती है। रियल मोटीवेटर संजय कुमार राजपूत ने कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए प्रत्येक युवा को आगे बढ़ चढ़कर आना है जो राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वोपरि है। उप ब्लॉक प्रमुख विमल कुमार ने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वाह कर समाज को अधिक विशेषता की ओर ले जाने का कार्य युवा शक्ति के हाथ में है। प्रधानाध्यापिका गीता चौहान ने सभी स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जागरूकता की भावना अधिक फैलती है और युवाओं में नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास करने की सहायता मिलती है। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर की सात दिवसीय गतिविधियों की




विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवियों के द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा उन्मूलन, साक्षरता, मोबाइल का उपयोग, स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, जल संरक्षण, ग्रामीणों से परिचय, ग्राम सर्वेक्षण जैसे विभिन्न सामाजिक जागरूकता फैलाने हेतु कार्यक्रम को संचालित किया गया जिसे स्वयंसेवकों द्वारा शालीनता व अनुशासन में रहकर किया गया।

सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक अंकित कुमार एवं स्वयं सेविका अमनदीप कौर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव इंजी विनय कुमार चौहान, ग्राम प्रधान नीशु रानी, उप ब्लाक प्रमुख विमल कुमार, मोटीवेटर संजय राजपूत, रेखा चौहान, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता चौहान, कार्यक्रम अधिकारी डा. भुवनेश कुमारी, प्रधानाचार्य नरेश कुमार, दीपक चौहान, डा. रवि कुमार, मौ. सलीम, विवेक वत्सल, सुभाष चंद्र, गीता, प्रीति शिवानी चौहान, रिंकी चौहान, विवेक कुमार वत्सल, सतीश फौजी, अलका सक्सेना, अक्षय कुमार, महेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, पिंकी, सुनीता वाला, आसमा परवीन, अर्जुन, निशा, प्रियांशी, अभिषेक, विशाखा आदि उपस्थित रहे।

# सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग उठाने पर हिन्दू संगठनों ने विधायक का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गैरसेण विधानसभा के दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा द्वारा बहुचर्चित विषय जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने कि मांग को सदन में उठाया था वहीं सत्र से वापसी बाद क्षेत्र में पहुंचे विधायक का मंगलवार को आवास विकास स्थित विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति कार्यालय पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की टीम ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग उठाने पर विधायक को रामदरबार व तलवार भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने कहा रुद्रपुर विधायक हिन्दू के विषय को सदैव मुखर होकर उठाते आए हैं इससे पूर्व भी विधायक अरोरा ने लेड जिहाद, लव जिहाद के विषय को भी उत्तराखंड विधानसभा मे उठाया है जिसके परिणामस्वरूप लोगों में जनजागरण का कार्य हुआ



वहीं विधायक अरोरा ने कहा निश्चित रूप से हमको देवभूमि उत्तराखंड के भविष्य की कल्पना करते हुए सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता है। इसकी मांग उन्होंने गैरसैण विधानसभा सत्र के दौरान उठायी थी, निश्चित रूप से ऐसे विषयों से सामान्यतय जनप्रतिनिधि परेज करते हैं, लेकिन रुद्रपुर विधायक ने लेड जिहाद, लव जिहाद के बाद जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए अपनी मंशा को जहिर किया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री राजेंद्र सिंह मेहरा, जिला मातृशक्ति सयोजिका अर्चना सिंह, सचिन शर्मा, सुदेव दास गुप्ता, जोगेंद्र चौहान, यश चौहान, प्रिंस कोली, शिव शंकर, कपिल शर्मा, रमेश बिष्ट, यशू श्रीवास्तव, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राजीव कामरा, सुनील सागर, डंम्पी चोपडा आदि लोग मौजूद रहे।

# कुरान की तिलावत मुकम्मल, अमन-भाईचारे की दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** माह-ए-रमजान के 26वें रोजे पर शब-ए-कद्र के मुबा. रक मौके पर दवारे बाबा आदम स्थित मस्जिद में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने इबादत कर मुल्क की तरक्की, अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने आगामी पावन पर्व ईद-उल-फितर को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही देश में हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी सौहार्द की मिसाल को कायम रखने का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर मस्जिद के गद्दी नशीन नवाब नफीस शाह मियां, प्रबंधन कमेटी के सदस्य तथा क्षेत्र के अनेक नमाजी हजरात मौजूद रहे।

# नवरात्र पर शहर के मंदिरों को चमकाएगा नगर निगमः महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शक्ति की उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्र के स्वागत के लिए नगर निगम रुद्रपुर ने तैयारी शुरू कर दी है। नवरात्र के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिर न केवल स्वच्छता से महकेंगे, बल्कि भव्य साज-सज्जा और आकर्षक रोशनी से भी जगमगाएंगे। महापौर विकास शर्मा ने इस संबंध में नगर निगम की टीम को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिरों में भक्तिमय और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान मंदिरों में भारी भीड़



उमड़ती है, जिसे देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। अभियान तहत बुधवार को वह स्वयं नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे और निगम की टीम के साथ पांच मंदिर पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलायेंगे और शहरवासियों को मंदिरों में पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देंगे। महापौर ने बताया कि नगर निगम ने मंदिरों की सजावट को लेकर भी विशेष योजना बनाई है। शहर के प्रमुख मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक मालाओं से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा, पिछली बार भी नगर निगम ने नवरात्र पर मंदिरों को सजाने की परंपरा शुरू की थी, जिसे इस बार और भी भव्य रूप दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जब भक्त माता के दर्शन करने आएं, तो उन्हें पूरे शहर में उत्सव और आध्यात्मिकता का अहसास हो।

# पेड़ से फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एक युवक ने जंगल में पेड़ से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

बिन्दर सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 22 निवासी भोगपुर डाम जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर ने तुमडिया डाम के जंगल में गले में रस्सी डालकर पेड़ से लटकर आत्महत्या कर ली।बताया जा रहा है कि मृतक सोमवार दोपहर से लापता था।बताया जा रहा है कि वह किसी युवती से प्रेम करता था और उस युवती का रिश्ता कही ओर हो गया है।इसी मामले को लेकर वह गमगीन हो गया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।मृतक किसी से प्रेम करता था और उस युवती का रिश्ता कही ओर हो गया है।इसी बात से नाराज होकर उसने आत्महत्या कर ली है।मृतक मजदूरी करता था।

# भूमि विवाद मामले में मुख्तयार खास को सुरक्षा देने की मांग की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगुलिया, दमगढ़ा और खाली महुअट में स्थित करोड़ों की पैतृक भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे और स्थानीय मुख्तयार खास (केयरटेकर) को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने खटीमा उपजिलाधिकारी तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नई दिल्ली निवासी अजय भाटिया, शिवानी सेठ, कबीर भाटिया सहित अन्य प्रार्थियों ने किरन तलवार, युवराज तलवार, जेनेवा तलवार और निर्मल सिंह नामक लोगों पर उनकी पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उप जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन के अनुसार इन आरोपियों ने पूर्व में भी फर्जी वसीयत तैयार कर जमीन अपने नाम करवाने का प्रयास किया था। इस धोखाधड़ी के मामले में थाना झनकईया में मुकदमा अपराध संख्या 136/2020 (धारा 419, 420, 471, 472, 120ठ IPC) दर्ज हुआ था, जिसके तहत आरोपी जेल भी जा चुके हैं। देखरेख करने वाले को मिल रही जान से मारने की धमकी पीड़ितों का कहना है कि वे दिल्ली में निवास करते हैं, इसलिए उन्होंने अपनी भूमि की देखरेख के लिए ग्राम बगुलिया निवासी कश्मीर सिंह पुत्र करतार सिंह को अपना शमुख्तयार खासश नियुक्त किया है। आरोप है कि भू-माफिया अब कश्मीर सिंह को डरा-धमका रहे हैं और उन्हें जान-माल का खतरा बना हुआ है। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमि विवाद संबंधित मामलाउच्च न्यायालय में विचारधीन है। उच्च न्यायालय से भविष्य में जो भी आद. ेश आएगा उसका अनुपालन किया जाएगा।

# तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा ने जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

तहसील दिवस के अवसर पर कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। डॉ. अमृता शर्मा ने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# ईद पर्व पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह के नेतृत्व में कोतवाली परिसर में आगामी ईद पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न समाज के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक में बिजली, पानी, साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। साथ ही सभी लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रहेगी। यदि सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति विशेष या किसी संप्रदाय के खिलाफ कोई टिप्पणी की जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने समस्त खटीमा वासियों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस मौके पर एसएसआई ललित मोहन रावल, बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, मौलाना इरफान उल हक, जामा मस्जिद प्रशासक कामिल खान, कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल मोहम्मद जरीफ, नासिर खान, अनवार अहमद, सभासद जीशान ओवैसी, नफीस अंसारी, छोटे भाई, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद ताहिर, मौलाना फरियाद आलम आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# एक शराब तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण/ अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी प्रभारी बाजार उ.नि. भूपाल राम पौरी द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी कलियावाला थाना जसपुर को 100 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पौरी, एसआई ललित सिंह, का. विपिन कुमार, जोगेंद्र सिंह, दीपक शामिल रहे।



# जसपुर पहुंचे कोश्यारी, विधायक चौहान के नव विवाहित पुत्र व पुत्रवधु को दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी जसपुर के विधायक आदेश सिंह चौहान के नव विवाहित पुत्र व पुत्रवधु को आशीर्वाद देने उनके निवास स्थान ग्राम निवारमंडी पहुंचे जहां विधायक आदेश चौहान ने उनका स्वागत किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने दोनों को उनके सुखी दाम्पंत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी भाजपा नेता बलराम तोमर एवं आरएसएस के लोकमन सिंह गहलौत के निवास स्थान पहुंचे जहां उन्होंने उनका खराब स्वास्थ्य का हाल जाना और दोनों के शीघ्र स्वास्थ होने की कामना की। इस दौरान उनके साथ शीतल जोशी, अशोक खन्ना, दीपक राना मौजूद रहे।



# मझोला मस्जिद में कुरान शरीफ हुआ मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के मझोला गांव स्थित जामा मस्जिद में कुरान शरीफ सोमवार रात्रि को मुकम्मल हो गया। इस मौके पर मस्जिद में लोग नातों सलाम के बाद मिठाई बांटी गई। कुरान को हाफिज रिफाकत हुसैन और हाफिज अफरीन ने सुनाया। इस मौके पर मौलाना सद्दाम हुसैन, एजाज अहमद, मो. कमर, मुश्ताक अहमद, हशमत उल्ला, रेहान अंसारी, इकवाल हुसैन, अनवर, अतहर, कलीम, रियाज, रिंकू, खुर्शीद, इरशाद, हाशिम, कमल हसन आदि ने जोरदार स्वागत किया।



# खाद्यान्न विक्रेताओं ने की परिवहन धनराशि वापस दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के सस्ता गल्ला खाद्यान्न विक्रेताओं ने एकजुट होकर आदर्श राशनिंग वेलफेयर सोसाइटी (सस्ता गल्ला खाद्यान्न विक्रेताओं संघ) के अध्यक्ष देवेंद्र चौहान के नेतृत्व में सस्ता गल्ला ढलान धनराशि परिवहन ठेकेदार से वापस दिलाने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को संबोधित मांग पत्र विपणन अधिकारी/पूर्ति अधिकारी को सौंपा।मीडिया से बातचीत करते हुए संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने गल्ला खाद्यान्न परिवहन ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि अनुपूरण पोषण योजना एवं बालिका किशोरी पोषण योजना खाद्यान्न डोर स्टेप डिलीवरी का भाड़ा परिवहन ठेकेदार द्वारा प्रत्येक सस्ता गल्ला खाद्यान्न विक्रेताओं से लिया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा सभी विक्रेताओं को अंधेरे में रख किराए का पुनः बिल बना कर और सभी से डिस्पैच पर्ची पर हस्ताक्षर करा कर फरबरी 2026 में जिला पूर्ति कार्यालय से खाद्यान्न परिवहन का पेमेंट ले लिया गया है। इससे सभी खाद्यान्न विक्रेताओं में रोष है और उन्हें आर्थिक हानि हुई है। उन्होंने ठेकेदार द्वारा ली गई धनराशि वापिस करने की मांग की है। मांग करने वालों में देवेंद्र सिंह चौहान, अजीम अजहर, सुभाष, शिवओम विश्नोई, अतुल कुमार, लाल सिंह, प्रदीप, रतनलाल, संजय, हरदीप, पवन, जियाउर्रहमान समेत दर्जनों खाद्यान्न विक्रेताओं मौजूद रहे।



# जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर के तत्वावधान में 'नालसा संवाद (हाशिए पर पड़े, कमजोर आदिवा. सियों एवं वंचित/ खानाबदोश जनजा. तियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना) योजना 2025' के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जोगीपुरा में प्रधानाध्यापक डॉ. रणवीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शाहिद ने योजना के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन समाज के कई वर्ग आर्थिक, सामाजिक, भौगोलिक और शैक्षिक कारणों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो पाते और न्यायिक प्रक्रिया से दूर रह जाते हैं। ऐसे कमजोर और वंचित समुदायों तक न्यायिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा यह विशेष योजना संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में पराविधिक कार्यकर्ता संगीता सहित विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ट्राइपल सब प्लांन से विकास कार्य संपन्न कराने बाबत बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में वक्ताओं ने जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में ट्राइपल सब प्लांन के बजट से विकास कार्य न कराने पर चिंता व्यक्त की है। वक्ताओं ने कहा कि खटीमा एवं नानकमत्ता सहित प्रदेश के अन्य जनजाति बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों में ट्राइपल सब प्लांन में विकास कार्य संपन्न कराने से जनता को विकास का लाभ मिल सकता है। युवा कांग्रेस के जिला महासचिव दीपक सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के पूरा होने पर सराहनीय विकास हो सकता है। बैठक में सीएम की घोषणा के अनुरूप विकास कार्य संपन्न कराने व ट्राइपल सब प्लांन से जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में बजट निर्गत कराने की मांग की। बैठक का संच. ालन गौरव सिंह राणा ने किया। बैठक में सूरज सिंह राणा, मोहित सिंह राणा, अनुज सिंह राणा, विवरण सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल प्रशासन को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू

■ जिलाधिकारी बोले अधिकारी गंभीरता से लें ट्रेनिंग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** डा. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के तत्वावधान में जनपद मुख्यालय पिथौरागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (17 से 19 मार्च, 2026) का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशासनिक एवं सेवा सम्बन्धी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर बिकाश कुमार नायक, परियोजना प्रबंधक, डा. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल एवं कुश बिष्ट, पाठ्यक्रम प्रबंधक द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस 17 मार्च 2026 को ई-गवर्नेन्स, ई-ऑफिस एवं मिशन कर्मयोगी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें डिजिटल प्रशासन, कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में 18 मार्च 2026 को वेतन निर्धारण, पदोन्नति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, समयमान वेतनमान, एसीपी एवं एमएसीपी विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जबकि 19 मार्च 2026 को सूचना का अधिकार एवं सेवा का अधिकार विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा को नोडल अधिकारी तथा रीप के प्रतीम भट्ट को सह-नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्णागिरि मेला चढ़ेगा चरम पर प्रशासनिक तैयारियों में नई ऊर्जा

■ मेला मजिस्ट्रेट बने डा. ललित मोहन तिवारी, व्यवस्थाओं को देंगे नई दिशा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** टनकपुर स्थित पूर्णागिरि मेला अब अपने पूरे यौवन की ओर बढ़ रहा है। आगामी तीन-चार दिनों में श्रद्धालुओं की भारी आमद के साथ मेला चरम पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बार मेले को सुव्यवस्थित और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार के प्रयास साफ तौर पर रंग लाते नजर आ रहे हैं। प्रशासन ने मेला मजिस्ट्रेट के रूप में मुनस्यारी के तेजतर्रार और कर्मठ उपजिलाधिकारी डॉ. ललित मोहन तिवारी की तैनाती की है। डॉ. तिवारी अपनी कार्यशैली, सख्त अनुशासन और जमीनी पकड़ के लिए जाने जाते हैं। उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे मेले के संचालन को न सिर्फ सुचारू बनाएंगे, बल्कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित करेंगे।

डॉ. तिवारी मेले के दौरान व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अध्ययन करेंगे। खास बात यह है कि वे मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप पूर्णागिरि मंदिर क्षेत्र को वर्षभर संचालित होने वाले तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में स्थायी सुविधाओं का खाका भी तैयार करेंगे। इसके लिए वे तीर्थयात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी जरूरतों और सुझावों को समझेंगे।

## एक नजर

# वनाग्नि रोकथाम को कुमाऊंनी गीतों का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डायट लोहाघाट और यूकॉस्ट की ओर से तैयार दो कुमाऊंनी जनजागरूकता गीतों का विमाचन सोमवार को जिला सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने किया।




डीएम मनीष कुमार ने किया विमोचन

"घुमन हैगो सार पहाड़ा" और "सुणो सुणो सुणो मैं वैचो" गीतों के माध्यम से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को वनाग्नि के दुष्परिणामों और जंगलों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार ने कहा कि वनाग्नि पर्यावरण, जैव विविधता और मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती है। ऐसे में लोकभाषा के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने की यह पहल सराहनीय है और इससे वनाग्नि रोकथाम में जनभागीदारी बढ़ेगी। गीतों की रचना डॉ. कमल गहतोड़ी और कमला वेदी ने की है, जबकि संगीत निर्देशन डॉ. कमल गहतोड़ी और हेमंत कुमार ने किया है। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, एपीडी विम्मी जोशी और एसडीओ फॉरेस्ट सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा के फार्मेसी छात्र / छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के बी फार्मेसी तृतीय वर्ष, डी फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने टूलब्रूस फॉर्मूलेशंस रुद्रपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया।



टूलब्रूस फॉर्मूलेशन विभिन्न प्रकार के ठोस पदार्थों , अर्ध ठोस एवं तरल पदार्थ का निर्माण करती है। यह कंपनी कैप्सूल, टेबलेट, सिरप ,ऑइंटमेंट आदि का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के डायरेक्टर प्रतीक तुलस्यान के निर्देशन में कराया गया, जिसमे उन्होंने प्रोडक्शन विभाग, पैकेजिंग एवं विभिन्न प्रकार के मशीनों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी और अनेक प्रकार की दवाइयों को बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए। छात्र / छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान के शिक्षक प्रकाश बैरागी के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर , उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर, शौर्य अरोरा , संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, फार्मेसी प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पंत , नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी?, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला एवं संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# सड़क हादसे में काशीपुर के दो युवकों की मौत, एक अन्य घायल






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर ग्राम छोई पड़ाव के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में काशीपुर निवासी दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम खरमासा कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी 19 वर्षीय रोशन प्रीत पुत्र कुलदीप सिंह और 19 वर्षीय जसन दीप पुत्र हरमान सिंह जो कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्कूल वैन चलाने का काम करते थे। मंगलवार को किसी वाहन का पार्ट्स लेने के लिए मोटरसाइकिल से हल्द्वानी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे बाइक सवार दोनों छोई क्षेत्र के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी बाइक सामने चल रहे एक टेंपो से जा भिड़ी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टेंपो चालक गूलरघट्टी रामनगर निवासी मोहम्मद असलम भी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट, छोई पुलिस चौकी इंचार्ज तारा सिंह राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल में पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है और घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी गई है और वह भी सरकारी अस्पताल पहुंचे।

# मॉक अभ्यास के जरिए आपदा प्रबंधन क्षमता को किया जाएगा मजबूत

■ आज 18 मार्च को मॉक ड्रिल, प्रशासन ने कसी कमर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास के माध्यम से आपदा प्रबंधन तंत्र को सुदृढ़ करने की पहल जनपद पिथौरागढ़ में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से आज 18 मार्च बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने, उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता का परीक्षण करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की तैयारियों का व्यापक आकलन किया जाएगा।

इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली मॉक ड्रिल के सफल क्रियान्वयन हेतु एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मॉक अभ्यास की रूपरेखा, विभागीय जिम्मेदारियों, संसाधनों की उपलब्धता तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मॉक अभ्यास को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित कार्यक्रमानुसार अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसएस नबियाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजकुमार, मुख्य शिक्षाधिकारी तरुण पंत सहित पुलिस, एनडीआरएफ एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेन्द्र महर द्वारा किया गया।

# क्षेत्र में तेंदुए की दहशत, ग्रामीणों में भय का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा स्थित मंड फार्म क्षेत्र में एक खूंखार वन्यजीव तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। बीते कुछ दिनों से तेंदुए के देखे जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ अब जंगलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह रिहायशी इलाकों और फार्म हाउस परिसर तक पहुंच रहा है। हाल ही में तेंदुए ने एक फार्म हाउस में घुसकर पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा की भावना और गहरा गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है और बच्चों को अकेले बाहर न जाने की हिदायत दी जा रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने या सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मांग की है।

# स्वर्ग फार्म वाले देवी के स्थान पर भागवत कथा का हुआ विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर ) पूज्यनीय ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती महाराज के जनोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए।

उन्होंने कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया।मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर पूरी कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। इस अवसर पर वैष्णो भजन मंडल की तरफ से आए गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया । भागवत कथा समापन होने पर सभी भक्तों के द्वारा कथा स्थल पर वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी हंसेश्वरी मां भारती महाराज ( स्वर्ग फार्म वाली देवी की तपस्थली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महंत श्याम खुराना, विधायक शिव अरोरा , मेयर विकास शर्मा, धीरेन्द्र मिश्रा, परविंदर पूरी , योग गुरु अशोक कालरा, दिवाकर पांडे, राजीव अनेजा, अमित गंभीर, अशोक अदलखा, केसर दास खेड़ा, मदन गांधी, अशोक, सतनाम, राजेश, राजीव, नरेश, जिगर, गौरव, ताराचंद, सन्नी, प्रेम, विजय फुटेला, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, जीतू, सीमा कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति आदि मौजूद थे।

# किसानों से कर्ज वसूली पर लगे रोक : बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** हाल ही में आई तेज बारिश व आंधी से क्षेत्र में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद दूसरे दिन तक भी न तो प्रशासनिक अधिकारियों और न ही सरकार की ओर से किसानों की सुध ली गई है। किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान का आकलन किया। जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि आंधी और बारिश के कारण गेहूं की फसल गिर गई है, जिससे लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक उत्पादन में कमी आने की संभावना है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। साथ ही तहसील द्वारा किसानों से की जा रही कर्ज वसूली पर भी रोक लगनी चाहिए।

# कार और जिप्सी की भिड़ंत में महिला पर्यटक सहित तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर। नेशनल हाईवे 309 रामनगर-काशीपुर मार्ग पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में महिला पर्यटक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रामनगर के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप हुई, जहां एक अनियंत्रित कार,जिप्सी से टकरा गई।

पुलिस के अनुसार महिला पर्यटक शेफाली चावला निवासी पंजाब से अपने परिवार के साथ रामनगर में घूमने आई थी। जिप्सी में फाटो पर्यटन जोन से लौट रही थी। इसी दौरान एक कार चालक द्वारा कार को नियंत्रित न किए जाने के कारण जिप्सी से टकरा गई। बताया जाता है कि इससे पहले कार ने 2-3 बाइकों को भी टक्कर मारी थी, जिनमें से एक बाइक में सवार दो युवक विकास और प्रताप सिंह काशीपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि महिला पर्यटक शेफाली चावला और बाइक सवार विकास का उपचार अस्पताल में जारी है, जबकि प्रताप सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रामनगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

शुरुआती जांच में यह पता चला है कि जिप्सी चालक राकेश शर्मा के वाहन की टक्कर में यह दुर्घटना हुई,पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महाविद्यालय के स्वयंसेवी कपिल राणा करेंगे नागालैंड में युवा महोत्सव में प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता के स्वयंसेवी कपिल सिंह राणा पुत्र भीम सिंह राणा का चयन 17 से 22 मार्च 2026 तक दीमापुर, नागालैंड में आयोजित होने वाले 9वें पूर्वोत्तर युवा महोत्सव, 2026 में प्रतिभाग हेतु किया गया है। यह महोत्सव राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चुमुकेदिमा, दीमापुर (नागालैंड) में आयोजित होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तराखंड द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार कपिल सिंह राणा कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल ने छात्र के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। एनएसएस प्रभारी डॉ. रवि जोशी बतौर टीम लीडर इस महोत्सव में प्रतिभागिता करेंगे। इस अवसर पर प्रो. मृत्युंजय शर्मा, डा. निवेदिता अवस्थी, डा. ममता सुयाल, डा. चम्पा टम्टा, डॉ. उमेश जोशी, डा. ललित बिष्ट, डॉ. स्वाति लोहनी, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. निशा परवीन, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. दर्शन सिंह मेहता, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, महेश कन्याल, राम जगदीश सिंह, विपिन थापा, सुनील कुमार तथा संतोष चन्द, छात्र संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




# पतलोट में रोजगार मेले का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**ओखलकाड़ा।** विकासखंड के पतलोट क्षेत्र में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को संवारने की दिशा में ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए एक दिवसीय भव्य रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। सेवायोजन कार्यालय नैनीताल के सहयोग से आयोजित इस मेले में Quess Corp Ltd के साथ-साथ टाटा मोटर्स की टीम ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए।

इस रोजगार मेले में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के दौरान कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं साक्षात्कार प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें कुल 34 युवक एवं 50 युवतियों का चयन किया गया। इससे अनेक युवाओं को रोजगार प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# खत्म-ए-कुरआन की रूहानी महफिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** 27वीं शब के मुबारक मौके पर मुंडिया पिस्तौर, बाजपुर की मस्जिद गोसिया में खत्म-ए-कुरआन की रूहानी महफिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाफिज-ए-कुरआन मौलाना तारिक साहब ने मुकम्मल तौर पर कुरआन-ए-पाक की तिलावत की और कारी अमीर अहमद साहब ने पूरे एहतेराम और तवज्जो के साथ सुना।

महफिल में शामिल लोगों ने अपने प्यारे मुल्क भारत की सलामती, तरक्ष्कघी और अमन-ओ-चौन के लिए विशेष दुआ की। आयोजन में इंतजामिया कमेटी के अरकान, बस्ती के जिम्मेदार हजरात और बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। मस्जिद प्रशासन ने प्रार्थना की कि अल्लाह तआला इस इबादत, तिलावत और दुआओं को अपनी बारगाह में कुबूल फरमाए और सबको कुरआन की तालीमात पर चलने की तौफीक अता करे।



















# आगामी ईद पर्व को लेकर हुई अमन कमेटी मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर ।** एसएसपी अजय गणपति ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी राहुल साह की अध्यक्षता में अमन कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में ईद पर्व के दौरान आने वाली समस्याओं और सुझाव को सुना गया व यथा संभव व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया गया। साथ ही जानता से सहयोग तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद पर्व मानने की अपील की गई।

# 26 करोड़ के शिक्षा प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय महाविद्यालय, बाजपुर में चल रहे लगभग 26 करोड़ की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का उपजिलाधिकारी अमृता शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पी.जी. साइंस ब्लॉक एवं कॉमर्स ब्लॉक (लागत 19 करोड़ 6 लाख), परीक्षा हॉल (लागत 5 करोड़ 73 लाख) तथा आईटी लैब (स्वीकृत बजट घ1 करोड़ 9 लाख) के कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और पारदर्शिता का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च मानकों के अनुरूप निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी, पुष्कर सिंह धामी,अजय भट्ट, तथा धन सिंह रावत के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते छोटे शहरों में भी बिना भेदभाव के आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# जून से पहले चालू हो बाईपास: आनंद वर्धन

## मुख्य सचिव ने किया भवाली-रातीघाट बाईपास, श्री कैंचीधाम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भ्रमण पर पहुंचे सूबे के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने मंगलवार को पवित्र कैंची धाम क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नव निर्मित भवाली-रातीघाट बाईपास तथा श्री कैंचीधाम मंदिर में निर्माणाधीन विभिन्न निर्माण कार्यों सहित नैनीताल की मालरोड में सड़क भू धसाव की रोकथाम हेतु कराए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने अपने नैनीताल भ्रमण के दौरान नैनीताल जिले की प्रमुख परियोजना में शामिल कैंची धाम बाईपास (सैनिटोरियम-रातीघाट) सड़क मार्ग का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उन्होंने इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग में किए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि भवाली-रातिघाट बाईपास में कार्य तेजी से करते हुए इस मार्ग में पर्यटन सीजन से पूर्व यातायात सुचारू किया जाय कहा कि जब तक स्थाई मोटर पुल का निर्माण नहीं हो जाता है तबतक इसी सीजन में वैलिब्रिज स्थापित कर यातायात सुचारू कराया जाय। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों को तेजी से कराते हुए इस यात्रा सीजन जून मांह से पूर्व सभी कार्य पूर्ण करते हुए बाईपास मार्ग को संच. ालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम मंदिर में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, इस हेतु यातायात सुविधा भी महत्वपूर्ण है, ताकि पहाड़ को जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिले तथा जाम से निजात मिले। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं तथा आम नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराना प्रशासन की प्राथमिकता व जिमेदारी है। इस दौरान लोनिवि के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि भवाली सेनीटोरियम से रातीघाट तक 18.15 किलोमीटर बाईपास में से 8 किलोमीटर मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है जिसमें यातायात सुचारू है। इस कार्य हेतु 12 करोड़ रुपये विभाग को प्राप्त हुए थे, शेष भाग 10.15 किलोमीटर मार्ग में पहाड़ कटिंग कार्य हेतु शासन से 5 करोड़ 6 लाख रूपये की धनराशि प्राप्त हुई है पहाड़ कटिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। उक्त मार्ग में वर्तमान में 9 करोड़ 81 लाख रूपये की धनराशि से कलमठ व सुरक्षा दीवारों का निर्माण एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। मुख्य अभियंता ने अवगत कराया कि इस बाईपास को रातिघाट स्थित भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने हेतु 74.15 किलोमीटर स्पान का मोटर पुल का भी निर्माण किया जाना है इस हेतु शासन से 9 करोड़ 63 रुपये की धनराशि प्राप्त हो हुई है जिससे पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्य सचिव ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से कैंचीधाम में लगने वाले जाम की स्थिति से भी निजात मिलेगीए साथ ही पहाड़ी जिलों को जाने वाले वाहनों हेतु यह वैकल्पिक मार्ग लाभप्रद होगा। इस दौरान मुख्य सचिव ने 10 करोड़ रुपये की धनरा. शि से नव निर्मित सैनिटोरियम से भवाली अल्मोड़ा मार्ग तक भवाली बायपास सड़क निर्माण कार्य व इसी मार्ग में शिप्रा नदी पर नव निर्मित 30 मीटर स्पान डबल लेन मोटर पुल का भी निरीक्षण किया गया। यह मार्ग यातायात हेतु सुचारू हो गया है। कैंचीधाम में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि यह विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों हेतु समुचित व्यवस्था हो विशेष रूप से पार्किंग की सही व्यस्था हो। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में वाहनों के प्रवेश एवं निकासी अलग अलग गेट से हो, ऐसी व्यवस्था हो इस सबन्ध में उन्होंने जिलाधिकारी को पुलिस एवं कार्यदायी संस्था के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम में पंहुचकर बाबा नीब करौली के भी दर्शन कर राज्य की सुख एवं शांति की कामना की।

### एलपीजी गैस की कमी नहीं: मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी गैस की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, घरेलू के साथ ही छोटे रेस्टोरेंट व ढाबों में भी व्यसायिक सिलेंडर की नियमित आपूर्ति की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वह किसी भी प्रकार से पैनिक ना हों और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्हें नियमित रूप से एलपीजी गैस की आपूर्ति की जाएगी।

### क्षतिग्रस्त माल रोड के सुधारीकरण का जायजा लिया

**नैनीताल।** भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने वर्ष 2018 में नैनीताल स्थित लोअर माल रोड में हुई क्षति के मरम्मत तथा झील की तरफ से हो रहे भू-धसाव की रोकथाम हेतु 3 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से सड़क के भू-भाग में कराए जा रहे सुरक्षात्मक एवं सुधारीकरण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण भी किया गया तथा अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान लोनिवि के मुख्य अभियंता ने अवगत कराया टीएचडीसी के द्वारा तैयार डीपीआर व डिजाईन एवं उनकी देखरेख में ही सुरक्षात्मक व सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने विभाग को पूर्ण गुणवत्ता से निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग को भी निर्देश दिए कि मालरोड में उनकी ओर से जो भी कार्य किए जाने हैं वह भी कार्य शीघ्रता से कराएं। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय कुमार शुक्ला, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू, उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक तथा मोनिका सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वित्तीय ठगी के मामले पर सुनवाई आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के सबसे बड़ी वित्तीय ठगी में से एक लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थेफ्ट को ऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) चिटफंड घोटाले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के मामले उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति शिधार्थ साह की खंडपीठ ने अगली सुनवाई हेतु बुधवार आज की तिथि नीयत की है साथ में कोट ने अब तक की गयी जाँच की रिपोर्ट्स भी बुधवार आज तक कोर्ट मे पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने बुधवार आज की तिथि नियत की है। बता दें पूर्व मे कोर्ट ने चिटफंड कंपनी एलयूसीसी के संचालकों द्वारा प्रदेश के नागरिकों को अपने स्थानीय एजेंटों के माध्यम से 800 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाकर फरार होने और इस मामले की सीबीआई से जांच कराने संबंधी याचिका पर सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने यह भी कहा था कि जिन लोगों का पैसा लेकर कंपनी फरार हो चुकी है वे लोग अपनी शिकायत सीबीआई को दे सकते हैं वही राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पुलिस इस मामले की जाँच कर रही है अभी तक शिकायतकर्ताओं की शिकायत करने पर कंपनी व उसके संचालकों के ऊपर कई मामले दर्ज हो चुके हैं अन्य की जांच चल रही है। इसका विरोध करते हुए लगभग 27 पीड़ितों की तरफ से कहा गया कि पुलिस ने अभी तक उनका मुकद्दमा दर्ज तक नही नहीं किया। जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा तब तक उनका डूबा हुआ पैसा वापस नहीं मिलेगाए जिस पर कोर्ट ने उनसे कहा कि वे अपनी शिकायत सीबीआई को दें साथ में तथा धनराशि देने के प्रमाण पत्र भी उस शिकायत में संग्लन करें। इस मामले में देहरादून और ऋषिकेश सहित कई पीड़ितों की तरफ से जनहित व एक अन्य याचिका दायर की गई थीं जिसमें कहा गया कि इस मामले की सीबीआई से जांच कराई जाए।

## एक नजर

### जमीयत ने जरूरतमंदों में बांटी राशन किट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमीअत उलेमा (मौलाना अरशद मदनी) हल्द्वानी यूनिट ने ईद के मौके पर जरूरतमंदों को 50 राशन किट वितरित की। जमीअत उलेमा हल्द्वानी के सदर मौलाना मोहम्मद आसिम ने बताया कि टीम द्वारा क्षेत्र का सर्वे किया गया और उस सर्वे के आधार पर चिन्हित व्यक्तियों को राशन किट प्रदान की गई। मौलाना आसिम ने कहा कि यह पहल हर साल ईद के मौके पर जरूरतमंदों की मदद के लिए की जाती है, और संगठन द्वारा निरंतर ऐसे कार्यों को अंजाम दिया जाता है। यह किट उन लोगों को दी जाती हैं जिनके पास आवश्यक संसाधनों की कमी होती है।

### गैरीखेत में बाघिन के दिखने से दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल के दूरस्थ क्षेत्र गैरीखेत गांव में दो सप्ताह बाद फिर से बाघिन के दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना के बाद विभाग ने क्षेत्र में टीम भेज दी है साथ ही लोगों से सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। बता दें कि दो सप्ताह पूर्व गैरीखेत गांव में लोगों ने एक बाघिन व दो शावकों को देखा था। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाकर गश्त की लेकिन बाघ कहीं नजर नहीं आया। इधर सोमवार की शाम को भी लोगों ने क्षेत्र में एक बाघ देखा है। ग्रामीणों की सूचना के अनुसार गैरीखेत में बाघ घूमता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि बाघ ने एक गाय को अपना शिकार भी बनाया है। जिसकी सूचना लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी को भी दे दी है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर आ गई है। वनक्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि सूचना के बाद टीम मौके पर भेज दी गई है। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। बताया कि क्षेत्र में गश्त की जा रही है साथ ही ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है।

### वन अग्नि सुरक्षा एवं बचाव विषय पर गोष्ठी

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग की उत्तरी गौला रेंज के थली बीट स्थित हरीनगर ग्राम सभा में वन अग्नि सुरक्षा एवं बचाव पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामवासियों को वन अग्नि के दुष्परिणाम, आग के कारण और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वन आरक्षी सुनील प्रसाद, बीट वाचर गौरव बरगली और महिला समूह के ग्रामवासी उपस्थित रहे। हरीनगर ग्राम प्रधान ने वन विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### चरस तस्कर को 12 साल का कारावास

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने 3.7 किलो चरस के साथ गिरफ्तार आरोपी को 12 साल के कठोर कारावास व 1.20 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अक्टूबर 2018 को हल्द्वानी में पुलिस ने धाम सिंह निवासी दोबाड़ तोपनिया (कपकोट) को चरस के साथ गिरुतार किया था। धाम सिंह के पास 1 किलो से अधिक चरस थी जबकि उसने 2 किलो 700 ग्राम चरस सचिन गुप्ता नाम के व्यक्ति को बेच दी थी। उसके पास से चरस बेचने से प्राप्त 1.20 लाख रुपये भी बरामद हुए। मामले की सुनवाई के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूजा साह ने कई गवाह कोर्ट में पेश कराए साथ ही पुलिस जांच व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरा. पी को चरस तस्करी का दोषी पाया और उसे कठोर सजा सुनाई।

### नशा मुक्ति केंद्र संचालक की जमानत मंजूर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हत्या के जुर्म में निचली अदालत से 10 साल के कारावास की सजायाफ्ता नशा मुक्ति केंद्र संचालक की जमानत मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ; षिकेश की अदालत ने हत्या के जुर्म में दृढ़ संकल्प सोसाइटी ऋषिकेश के संचालक शैलेश रयाल को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप है कि उनके नशा मुक्ति केंद्र में बहादराबाद निवासी राजा पुत्र वीर सिंह भर्ती था। जिसे मृत अवस्था मे अपनी गाड़ी में रखकर शैलेश कहीं ले जा रहा था। जिसे पुलिस ने अप्रैल 2017 में पकड़ था। जिसके खिलाफ मृतक के पिता ने हत्या व लाश छुपाने के प्रयास आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था । इन आरोपों के आधार पर निचली अदालत ने फरवरी 2017 में आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में आरोपी की ओर से हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दायर हुई थी। जिसमें आरोपों को गलत बताया गया था। साथ ही तर्क दिया था कि वह कई साल से जेल में बन्द है, इस आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत मंजूर कर ली।

### किच्छा नगर पालिका चुनाव पर सुनवाई आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा किच्छा नगर पालिका का आरक्षण तय होने के बाद भी चुनाव नहीं कराए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई जारी रखते हुए सुनवाई बुधवार आज को भी जारी रखी है। सुनवाई पर याचिकाकर्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि किच्छा नगर पालिका में पिछले डेढ़ साल से प्रशासक के द्वारा ही समस्त कार्य किये जा रहे हैं। सभी नगर पालिकाओं का चुनाव हो चुका है लेकिन किच्छा नगर पालिका का चुनाव अभीं तक नहीं हुए हैं।

# लमजला में पशु प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकासखंड भीमताल के ग्राम जंतवाल गांव लमजला में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय पशुपालन विभाग पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में क्षेत्र के पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कुल 60 से अधिक पशुपालकों ने प्रतिभाग किया जिनके पशुओं के बीच विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा हुई।

प्रदर्शनी में बछिया, शंकर गाय, बद्री गाय तथा बैल जोड़ी तथा भैस वर्ग में पशुओं का मूल्यांकन किया गया। पशु चैम्पियन का पुरस्कार सीता देवी के पशु को दिया गया। निर्णायक मंडल द्वारा पशुओं की नस्ल, स्वास्थ्य और रख रखाव के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। विभिन्न श्रेणियों में प्रथम तथा द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को पुरस्कार देकर सममानित किया गया जबकि अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रमुख डा. बिष्ट ने कहा कि पशु प्रदर्शनी से पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशु पालन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही पशुपालन को स्वरोजगार के रूप में बढ़ावा दिया गया। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने से ग्रामीण काश्तकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन के माध्यम से आय बढ़ाना और आधु. निक पशुपालन तकनीकों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए प्रेरणा मिलती है साथ ही वरिष्ठ पशु अधिकारी डा. दीक्षित ने पशुपालकों को पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हेमा जंतवाल द्वारा की गई इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, बीडीसी अजय जंतवाल, गौरव रमोला, कमल जंतवाल, सुमित जंतवाल, आन सिंह, कुंदन सिंह, दिवान सिंह, भुवन सिंह, रेवती देवी, रेखा देवी, लता देवी जबकि पशुपालन विभाग से डा. दीक्षित, डा. स्वाति भोज तथा डा. कमला तथा डा. विनीता रहे।

## आईवीआरआई मुक्तेश्वर में किसान मेला

**नैनीताल।** आईवीआरआई मुक्तेश्वर में मंगलवार को किसान मेला आयोजित किया गया, जिसमें डा. लक्ष्मी कान्त और डा. संजय कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समन्वयक डा. अमोल गुरव ने बताया कि इस मेले में दूर-दराज से किसानों और महिलाओं ने भाग लिया। डा. संजय कुमार ने किसानों को आय बढ़ाने के उपाय और पशुओं की बीमारियों से बचने के तरीके बताए। मेले का विषय ष्पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जलवायु अनुकूलन पशुपालन था। इसमें मुर्गी पालन, मशरुम पालन, बकरी एवं गौ पालन, पशु स्वास्थ्य शिविर, मानव चिकित्सा शिविर और वैज्ञानिक किसान संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डा. यशपाल सिंह मालिक, डा. जेएस त्यागी, डा. लक्ष्मी कान्त आदि थे।

# स्वस्थ्य समाज का निर्माण बेहद ज़रूरी: प्रो. मनराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पीएम उषा मेरु के तहत सॉफ्ट कंपोनेंट इक्विटी एंड इनफ्लूसिविटी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा ज्ञानोत्पादन एवं उसके उपभोग में लैंगिक समता एवं समावेशन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन बुरांश सभागार हर्मिटेज में किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की संयोजक प्रो. चन्द्रकला रावत ने सभी का स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि ज्ञानोत्पादन केवल जानकारी इकठ्ठा करना नहीं बल्कि अनुसंधान, अनुभव व अध्ययन और उपयोग के माध्यम से नया ज्ञान बनाना, समझना और साझा करने की एक सतत प्रक्रिया है। बोली कि हमें शिक्षा में समानता और समावेशिता का वातावरण बनाना आवश्यक है जहाँ जाति, वर्ग व धर्म या लिंग के



भेदभाव के बिना सभी को समान अवसर मिलें। उन्होंने विवि के कुल. पति प्रो. दीवान सिंह रावत का इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में मार्गदर्शन हेतु आभार व धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. नीता बोरा शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि अनुभव, शोध व विचार और संवाद से निर्मित होता है। उन्होंने भारतीय संविधान में निहित समता एवं समानता संबंधी प्रावधानों का उल्लेख करते हुए समय-समय पर न्यायपालिका द्वारा दिए गए निर्णयों के द्वारा समाज में समता एवं समावेशन स्थापित करने के उदाहरण दिए जबकि मुख्य वक्ता प्रो. भीमा मनराल द्वारा अपने वक्तव्य में जेंडर इक्विटी एंड इनफ्लूसिविटी की समाज में आवश्यकता व स्वस्थ समाज के निर्माण में यह किस प्रकार सहायक है इसे विस्तारपूर्वक सभी के समक्ष रखा। उन्होंने ज्ञान उत्पादन के विभिन्न स्रोतों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सभी को ज्ञान उपभोग के तथा व्यवहारिक जीवन में उसके क्रियान्वयन के समान अवसर मिलने बेहद आवश्यक हैं साथ ही वर्तमान युग में डिजिटल साक्षरता की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। अंत में इक्विटी एंड इनफ्लूसिविटी सॉफ्ट कंपोनेंट की सदस्य प्रो. हरिप्रिया पाठक द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदोपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि गंगवार ने किया। इस दौरान कई गुरुजन व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# 36 घंटे बिजली गुल होने से व्यापारियों में उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार रात में आए आंधी-तूफान के बाद बिजली और पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। लगातार 36 बिजली गुल रहने के कारण जलापूर्ति भी बंद हो गई जिससे लोगों के साथ ही व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में गुस्साएं व्यापारियों ने मंगलवार को ऊर्जा निगम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया।

बता दें नैनीताल में लगातार 36 घंटे तक बिजली न रहने से शहर में पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई जिससे लोगों के घरों में पानी की दिक्कत पैदा हो गई। केवल आश्वासन मिलने से नाराज व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के नेतृत्व में

### ऊर्जा निगम के कार्यालय का घेराव, धरना प्रदर्शन



ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी और धरना दिया।

व्यापारियों ने कहा कि नैनीताल जैसे पर्यटन और वीआईपी शहर में इतनी लंबी अवधि तक बिजली बाधित रहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। शहर ने पहले भी कई आपदाएं देखी हैं लेकिन इतनी लंबी बिजली कटौती कभी नहीं हुई। व्यापारियों ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बुधवार आज सुबह विभागीय कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। इस मौके पर त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, मुकेश जोशी, शाकिर अली, कैलाश मिश्रा, डबबू कार्की, ईश्वर तिवारी, सुरेश गुरुरानी, महेश कुमार और गिरीश कांडपाल सहित कई व्यापारी शामिल रहे। दूसरी ओर कानपुर से नैनीताल घूमने आए तारीक अनवर ने कहा कि शहर में लाइट नहीं होने के चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फोन में बैटरी नहीं है जिसके चलते न घर पर बात हो पा रही है और न ही अन्य काम हो पा रहे हैं। नैनीताल जैसे पर्यटन शहर में लाइट और पानी की सप्लाई नहीं हो पाना काफी अफसोसजनक है। वहीं, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राम सिंह बिष्ट ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण समस्या उत्पन्न हुई है। इसे जल्द ही ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

## टीएचडीसी ने छात्रों के लिए उपलब्ध करवाई बस सेवा

**नई टिहरी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए टीएचडीसी ने बस उपलब्ध करवा दी है। अब बस सेवा शुरू होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। छात्र-छात्राएं लंबे समय से बस की मांग को लेकर आंदोलित थे।भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत,युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष राणा और कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुष्पा नेगी ने पूजा अर्चना कर बस सेवा का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष उदय ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं लंबे समय से बस सेवा की मांग कर रहे थे।

# ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नैनीताल रोड स्थित जंगल क्षेत्र में मंगलवार को बाघ के हमले की सूचना ने लोगों में दहशत फैला दी। खबर सुनते ही आसपास के गांवों से लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिससे वहां भीड़ जुट गई। बाद में पता चला कि यह पूरा घटनाक्रम एक मॉकड्रिल का हिस्सा था, जिसे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य वन्यजीव हमले जैसी आपात स्थितियों में प्रशास. निक प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच करना था। सूचना मिलते ही वन विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने तेजी से कार्रवाई की। एसडीओ फतेहपुर कामिनी आर्या और रेंज अधिकारी रमेश चंद्र ध्यानी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने जंगल में सर्च अभियान चलाया। एसडीएम विपिन चंद्र पंत ने मौके पर पहुंचकर पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में भीड़ को नियंत्रित किया और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। ग्रामीणों की मदद से 'घायल' व्यक्तियों को जंगल से निकालकर उपचार के लिए भेजा गया।



अधिकारियों ने इस अवसर पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि जंगल क्षेत्र में सतर्कता बेहद जरूरी है। अकेले या गहराई में जाने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इस अभ्यास में तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा, आईआरबी के सेनानायक बलजीत सिंह भाकुनी, पशु चिकित्सक डा. नीरज भट्ट और अग्निशमन विभाग अधिकारी गोपाल सिंह रावत सहित गिरिवर सिंह, रवींद्र कंबोज, जितेंद्र पाल, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंगोली में सिलेंडर लदी पिकअप पकड़ी

## मौका देखकर चालक फरार हो गया, कार्रवाई और आरोपों से घिरा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग में मंगोली क्षेत्र में पुलिस ने व्यवसायिक गैस सिलेंडरों से भरी एक पिकअप को पकड़ लिया लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद जहां पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं वहीं चालक के परि. जनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक सोमवार रात करीब आठ बजे चेकिंग के दौरान पुलिस ने यूके 04 सीसी 1899 नंबर की पिकअप को रोका। जांच में वाहन से 24 व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद हुएए लेकिन चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। चालक के इस तरह भाग निकलने से पुलिस की सतर्कता पर



सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना के बाद मंगलवार को कोतवाली पुलिस व खाद्य पूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। कोतवाल ने बताया कि पिकअप को सीज कर दिया गया है साथ ही 25 सिलेंडर खाद्य पूर्ति विभाग को सौंप दिए हैं। लेकिन चालक के परिजन जितेंद्र ने पुलिस पर उत्पीडन् और अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि काशीपुर से सिलिंडरों का गेट पास शाम चार बजे जारी हुआ था और ये सिलिंडर नैनीताल के स्कूलों व होटलों में आपूर्ति के लिए भेजे गए थे। मामले में एक और पहलू यह भी सामने आया है कि जिला प्रशासन की ओर से रात नौ बजे एसओपी जारी की गई थी जबकि उससे पहले ही सिलेंडरों की सप्लाई के लिए वाहन रवाना हो गया था। ऐसे में पूरे प्रकरण में नियमों के पालन और कार्रवाई दोनों पर सवाल उठने लगे हैं।

### पूर्व में भी पकड़ी जा चुकी है पिकअप: बिष्ट

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट



के मुताबिक पिकअप नेहा इंडेन गैस एजेंसी की है, जो पहले भी ऐसे मामले में पकड़ी जा चुकी है। बताया कि अवैध सिलेंडरों को जबत कर लिया गया है, साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।.

# घने जंगलों के बीच हुआ आस्था का मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग के आरक्षित वन क्षेत्र के देचौरी रेंज में स्थित माँ चंडीका देवी के मंदिर में



इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की तरह देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया। मंदिर में आस्था रखने वाले ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिनमें कोटाबाग के चार गाँव पवलगढ़, बैलपडाव, बंदरजूड़ा, बैलपोखरा, धनपुर, कमोला, विजयपुर, धमोला, नयागांव और कालाढूंगी शामिल थे। श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और माँ चंडीका से आशीर्वाद लिया। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएँ पूरी होती हैं, इसी कारण प्रतिवर्ष यहाँ देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर हल्द्वानी के महापौर गजराज बिष्ट भी मंदिर पहुंचे और उन्होंने पूजा अर्चना कर देवी से आशीर्वाद लिया। देवी भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बना हुआ है, जो हर साल श्रद्धालुओं को एकजुट करता है।

## पुलिस ने चेक बाउंस प्रकरण संबंधी में 2 फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के साथ-साथ न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारण्ट की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु निर्देश दिये है।जिसके क्रम में वारंटियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में कोटद्वार पुलिस द्वारा चौक बाउंस के मामलों में फरार चल रहे 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कारपोरेट आईडेन्टीटी नं0: UA40109UP2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001,
दूरभाष संख्या: 0135-2763672-76, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

ई-निविदा विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 27.03.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 28.03.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा। अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)
No.:- 186/EE(CM)/UPCL/A-2
Date:- 17.03.2026

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स नं0- 0135-2760911 पर दें।)

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

**● आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक.ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।




**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक.ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को.हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक.ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन




**● यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचिंतों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

**● द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**

**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक.ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रूक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया



**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर

**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।




---

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया। यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्वकप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है।


## कार्यालय जिला पंचायत, उत्तरकाशी

पत्रांक: 1666 /निर्माण/2025-26 दिनांक: 17/03/2026

**!! संशोधित निविदा सूचना (Tender Notice) !!**

जिला पंचायत, उत्तरकाशी द्वारा **"राज्य वित्त मद"** में निर्माण हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय-4 में विहित प्रावधानं(प्रस्तर 4.4.2) के अनुरूप, जिला पंचायत में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 'सीमित निविदा पृच्छा' (Limited Tender Enquiry) आमंत्रित की जाती हैं ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | मद | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (2%) | निविदा शुल्क + GST (18%) | कार्य अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सुक्की में बगीचों की सुरक्षात्मक कर्य। | भटवाडी | राज्य वित्त | 10.00 | 20000 | 1000 | 2 माह | A |
| 2 | ग्राम सभा सालरा मन्दिर के पास सुरक्षा दिवार व गेट का निर्माण। | मोरी | राज्य वित्त | 10.00 | 20000 | 1000 | 2 माह | A |
| 3 | ग्राम सभा देवरा मेन रोड से औशाली पानी तक इण्टर लॉक टाईल निर्माण व दिवार। | मोरी | राज्य वित्त | 10.00 | 20000 | 1000 | 2 माह | A |
| 4 | मोरी बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य। | मोरी | राज्य वित्त | 15.00 | 30000 | 1500 | 2 माह | A |

**निविदा समय-सारणी-**

1. निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारम्भ तिथिः (दिनांक 18/03/2026)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथिः (दिनांक 02/04/2026) (सांय 5:00 बजे तक)
3.. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः (दिनांक 04/04/2026) (अपराह्न 2:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथिः (दिनांक 04/04/2026) (अपराह्न 2:30 बजे)

**!! निविदा की शर्तें एवं नियम (Terms & Condition) !!**

1. पंजीकरण एवं अर्हताः निविदा में केवल वही ठेकेदार भाग ले सकते हैं जिनका जिला पंचायत में वर्ष 2025-26 हेतु विधिवत पंजीकरण वैध हो। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी०एस०टी० अदेयता (अनिवार्य): उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग के पत्र संख्या 223817 दिनांक 10.07.2024 के अनुपालन में, निविदा के साथ जी०एस०टी० अदेयता प्रमाण पत्र (GST No Dues Certificate) तथा समस्त देय विवरण (Return) जमा होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा 'गैर-प्रतिक्रियाशील' (Non& Responsive) मानी जाएगी।
3. धरोहर राशि (EMD): प्रत्येक निविदादाता द्वारा कार्य हेतु (अनिवार्यतः)उक्तानुसार निर्धारित धरोहर राशि (2%) 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उत्तरकाशी' के नाम बन्धक एफ.डी.आर. (FDR), सी.डी.आर. (CDR) या बैंक गारंटी के रूप में संलग्न करनी होगी ।
4. निविदा निरस्तीकरणः अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष जिला पंचायत को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के प्रस्तर नियम 2.2.15 के अधीननिरस्त कर सकती हैं
5. शपथ पत्रः निविदा के साथ रू० 100.00 के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि निविदादाता किसी भी विभाग द्वारा 'ब्लैक लिस्टेड' (Blacklisted) नहीं है और उसके द्वारा दी गई जानकारी सत्य है ।
6. कर कटौतीः कार्य के भुगतान से आयकर, जी०एस०टी०, रॉयल्टी, श्रमिक सेस आदि की कटौती तत्समय प्रभावी सरकारी नियमों के अनुसार की जाएगी।
7. सामग्री की गुणवत्ताः निर्माण/मरम्मत कार्य में प्रयुक्त सम्पूर्ण सामग्री की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी और सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों (Specification) के अनुरूप होनी चाहिए ।
8. अपूर्ण/सशर्त निविदाः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण निविदाएं मान्य नहीं होंगी और उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा
9. विवाद समाधानः यदि कार्य के दौरान कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका समाधान उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के नियम 4.8.4 के अंतर्गत मध्यस्थता (Arbitration)के माध्यम से किया जाएगा ।
10. जमानत जब्तः यदि अधिकतम दर प्रतिषत वाले निविदादाता (H1) द्वारा स्वीकृति के बाद अनुबन्ध नहीं किया जाता है, तो उसकी धरोहर राशि (EMD) जब्त (Forfeit) कर ली जाएगी और उसे काली सूची में डालने की कार्यवाही की जा सकती है ।
11.उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय-2 के नियम 2.11 में निहित प्राविधानों के अनुसार 'निविदा कोटेषन संवीक्षा समिति' (Tender/Quatation Scrutiny Committee) द्वारा प्राप्त निविदाओं मूल्यांकन किया जायेगा।
12. अतिरिक्त निष्पादन प्रतिभूति (APS): यदि निविदा दरें विभागीय अनुमानित दरों से कम प्राप्त होती हैं, तो उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के नियम 4.6 (iv) के अनुसार सफल निविदादाता को अनुबंध के समय निम्न दरों पर 'अतिरिक्त निष्पादन प्रतिभूति' जमा करनी होगीः
   1. 5% तक कमः शून्य (Nil)
   2. 5% से 15% तक कमः 0.5%प्रति 1% कम दर पर (अनुमानित लागत का)
   3. 15% से अधिक कमः 1.0%प्रति 1% कम दर पर (अनुमानित लागत का)।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, उत्तरकाशी

## श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट में फार्मा अन्वेषण 2026 में जुटे दिग्गज

# शोध व नवाचार से बदलेगी फार्मेसी की सूरत : डॉ. मोंटू पटेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्रीमती तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज में श्फार्मेसी के जनकश प्रोफेसर एम.एल. श्रॉफ की स्मृति में फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने देशभर के शोध कर्ताओं और छात्रों को एक साझा मंच प्रदान किया है।

पीसीआई के अध्यक्ष डॉ मंटू कुमार एम पटेल, पीसीआई सदस्य डॉक्टर शिवानंद पाटिल, ड्रग्स कंट्रोलर डॉ. सुधीर कुमार एवं संस्थापक रमेश शर्मा, निदेशक पंकज शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के समस्त फार्मेसी संस्थानों के बी.फार्मा, डी.फार्मा, और एम.फार्मा के छात्र व उद्योग विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत (वर्जुअल) के माध्यम से सभी के साथ अपने विचार साझा किए। पीसीआई अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि




फार्मेसी शिक्षा में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि फार्मा अन्वेषणष केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह छात्रों को अपने शोध प्रोजेक्ट्स और वैज्ञानिक विचारों को विशेषज्ञों के सामने रखने का राष्ट्रीय मंच देता है। उन्होंने जोर दिया कि उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी

**❖कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया राष्ट्रीय शोध मंच का आगाज**

को कम करने के लिए ऐसे आयोजन अनिवार्य हैं। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम भारत में फार्मेसी शिक्षा और अनुसंधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा फार्मा इंडस्ट्री के साथ खड़ी है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पटेल ने प्रदेश के विभिन्न फार्मेसी कॉलेजों के निदेशकों और प्राचार्यों के साथ श्चाय पर चर्चाश की, जिसमें शिक्षा के स्तर को सुधारने और भविष्य की चुनौतियों पर मंथन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने अतिथियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं पीसीआई अध्यक्ष द्वारा भी शिक्षाविदों को प्रमाण पत्र और पौधे भेंट किए गए।



इस अवसर पर ममतेश शर्मा, शौर्य शर्मा, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ शम्मी चड्ढा, मीडिया प्रभारी विजय अरोड़ा, चित्रा गुप्ता, सुनीता रानी, दीपक सैनी, मोहम्मद काशिफ, दुष्यंत पुंडीर, अक्षय कुमार, दीपक कांबोज, अवि सैनी, गौरव शर्मा, निशांत अंजुम, चंदन सैनी, अजय कुमार, राधेश्याम, प्राची जिंदल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को दबोच कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण के संबंध में कोतवाली रुड़की में मुकदमा अपराध संख्या 476/25, पोक्सो अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रेखा पाल के सुपुर्द की गई। प्रभारी निरीक्षक रुड़की द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार पतारसी-सुरागरसी करते हुए आरोपी को हिसार, हरियाणा से हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। नाम पता आरोपित-मुकेश कुमार पुत्र शीशपाल निवासी मकान संख्या 485, न्यू ऋषि नगर, थाना सिटी हिसार, जनपद हिसार (हरियाणा)। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी, कांस्टेबल सोबन सिंह चौहान शामिल रहे।

## आईआईटी निदेशक व डीएम ने किया आधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण

### बालिकाओं को डिजिटल वं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम : मयूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सी-मार्क इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण आज तहसील रूड़की परिसर में जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत तथा वी-मार्क इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विकास गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह पहल सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं, को डिजिटल एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। इस अवसर



पर जिला प्रशासन हरिद्वार एवं आईआईटी रूड़की के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचंद्र शेट द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। आईआईटी रूड़की के प्रख्यात प्रोफेसरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को आईआईटी रूड़की की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में बालिकाओं की भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे भी तकनीकी क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि यह पहल सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगी और उन्हें डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनाएगी। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर लैब के शुरू होने से स्थानीय बच्चों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

आईआईटी रूड़की के निदेशक ने इसे समाज और शिक्षा के बीच सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि जब प्रशासन, शिक्षण संस्थान और उद्योग जगत साथ आते हैं, तो परिवर्तन निश्चित होता है। यह पहल न केवल डिजिटल साक्षरता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को भी भविष्य की तकनीकों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करे करेगी। कार्यक्रम में आईआईटी रूड़की के डीन एसआरआईसी प्रो. विवेक मलिक, डीन इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. करुण रावत, डीन एकेडमिक्स श्री नवीन नवानी, सीनियर कंसल्टेंट श्रीमती मार्गरेट क्लिमकोटी, अपर उपजिलाधिकारी रूड़की श्री अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार रूड़की श्री विकास अवस्थी, तहसीलदार लक्सर श्रीमती शुभांगिनी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। वी-मार्क इंडिया लिमिटेड की ओर से सीएफओ डी. के. बंसल, जीएम (एचआर) राहुल वत्स, एचआर अभय गोयल तथा लीगल हेड ज्ञान प्रकाश शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद में 27वीं तरावीह में हुआ कुरआन मुकम्मल

# अल्लाह ने इंसानियत की रहनुमाई को कुरआन नाजिल फरमाया

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**रुड़की।** नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में रमजानुल मुबारक की 27-वीं शब में नमाज तरावीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल किया गया।इस दौरान मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों की मौजूदगी रही।नमाज तरावीह में कुरआन शरीफ सुनाने की सआदत हाफिज मोहम्मद तलहा को हासिल हुई।कुरआन शरीफ मुकम्मल होने के मौके पर मस्जिद में आयोजित विशेष दुआ के प्रोग्राम में मदरसा रहमानिया के प्रधानाचार्य मौलाना अजहर उल हक ने बयान करते हुए रमजान की फजीलत और कुरआन करीम की अजमत पर विस्तार से रोशनी डाली।उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत,मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है,इसी महीने में अल्लाह तआला ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए कुरआन करीम नाजिल फरमाया,जो कयामत तक के लिए पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का जरिया है।उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे रमजान के महीने की कद्र करें और खासतौर पर आखिरी अशरे



में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें,क्योंकि इन्हीं रातों में शबे कद्र जैसी अजीम और बरकत वाली रात आती है,जो हजार महीनों से बेहतर बताई गई है।उन्होंने नमाज और रोजे की पाबंदी की अहमियत बताते हुए कहा कि मुसलमानों की कामयाबी अल्लाह की इबादत और उसके बताए हुए रास्ते पर चलने में है।अगर इंसान अपनी जिंदगी को कुरआन और सुन्नत के मुताबिक ढाल ले तो दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी हासिल हो सकती है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रमजान के बाद भी अपनी जिंदगी में नमाज,रोजा,तिलावत और नेक कामों को जारी रखें और समाज में भाईचारा,अमन और मोहब्बत का पैगाम फैलाएं।कार्यक्रम के अंत में हजरत मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने दुआ कराई।उन्होंने दुआ में अल्लाह तआला से मुल्क में अमन-चौन,तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी,साथ ही सभी लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि रमजान सिर्फ एक महीने की इबादत का नाम नहीं है,बल्कि यह पूरी जिंदगी को सुधारने का पैगाम देता है।उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे रमजान के सबक को अपनी पूरी जिंदगी में अपनाएं और अपने

**❖उलेमाओं ने कुरआन और रमजान की अहमियत बयान की**

किरदार,अखलाक और अमल को इस्लामी तालीमात के मुताबिक बनाएं। विशेष दुआ के बाद अफजल मंगलौरी ने हाफिज मोहम्मद तलहा को शाल व नोटों का हार पहनाकर सम्मान किया तथा उलमाओं का भी शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर हज अधिकारी बाबू एहसान अहमद,प्रशासक हाजी मोहम्मद मुस्तकीम,मोहम्मद इनाम,नसीम अहमद, मेहताब साबरी,हाफिज नदीम अहमद, बिट्टन त्यागी, इमरान देशभक्त, अंसार अहमद,अताउर रहमान अंसारी, हाफिज इरशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गैस की किल्लत से महंगी हुई भोजन की थाली, फास्ट फूड के बढ़े दाम

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**रुड़की।** शहर में गैस की किल्लत और कालाबाजारी का असर अब आम लोगों की जेब पर भी पड़ने लगा है। रेस्टोरेंट व ढाबों पर मिलने वाली भोजन की थाली महंगी हो गई है। इनमें 10 से 20 रुपये तक बढ़ा दिए गए हैं। वहीं फास्ट फूड और चाट की दुकानों पर भी प्लेट पांच रुपये से 20 रुपये तक महंगी हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने और महंगे दामों पर सिलेंडर मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में खाने-पीने की चीजों के रेट बढ़ाने पड़े हैं। शहर में लगने वाली नूडल्स, मोमोज, चाउमीन, बर्गर और चाट-टिक्की जैसी फास्ट फूड की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। पहले जहां मोमोज या नूडल्स की प्लेट 40 से 50 रुपये में मिल जाती थी, वहीं अब इसके लिए ग्राहकों को पांच से 20 रुपये अधिक चुकाने पड़ रहे हैं।

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।इसी के तहत सोमवार की रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान नहर पटरी से मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी इस्लाम खान निवासी ग्राम कुड़िया रमपुरवा थाना को जोगपट्टी जिला चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया है जो लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहा था तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं दूसरी और अभियान के तहत पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक ओर वारंटी मुकेश कुमार निवासी धनौरी को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## अनुच्छेद-370 हटने पर जम्मू-कश्मीर में हुई नए सवैधानिक युग की शुरुआत : सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक परिवर्तन उपलब्धियां और चुनौतियां के विषय पर चर्चा की गई संगोष्ठी में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उत्तराखण्ड राजनीति विज्ञान परिषद के अधिवेशन पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन मुख्य अतिथि भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो. एम. एम. सेमवाल ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नए संवैधानिक युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने इसे भारतीय संघीय ढांचे की सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती मिली है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार से आए प्रो. सुनील महावर ने कहा कि इस संवैधानिक परिवर्तन के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासनिक ढांचे में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विस्तार की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। संगोष्ठी में विभिन्न कॉलेजों से आए शोध ार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए इस मौके पर 10 से अधिक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अतुल हरित, प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीशू कुमार ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनू कुमार ने किया इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी लाइन

**झबरेडा।** कस्बे में स्थित गैस एजेंसी के बाहर सोमवार सुबह 7 बजे से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग गई। लाइन में महिलाओं की भी काफी संख्या रही। हालांकि दोपहर करीब 1 बजे तक आध से अधिक लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल सका और उन्हें मायूस होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ा। कस्बा झबरेड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में केवल एक ही गैस एजेंसी है। इसी एजेंसी पर कस्बे के साथ-साथ ग्राम कोटवाल आलमपुर, भक्तोंवाली, सुल्तानपुर, कुशालीपुर, शेरपुर खेलमऊ, सदोली, खरकड़ी और साबतवाली समेत कई गांवों के लगभग 50 हजार लोग निर्भर हैं।

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी जन समस्याएं

## 20 समस्याओं में से 9 का मौके पर किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपदवाशियो की समस्या को त्वरित निराकरण करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील भगवानपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बंधित 20 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें से 9 समस्याओं का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील दिवस में दर्ज करायी गई मुख्यत शिकायतों में अधिकतर भूमि विवाद, अतिक्रमण, जल भराव, गैस, आदि से सम्बन्धित समस्यायें दर्ज करायी गयी। आयोजित तहसील दिवस में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तहसील दिवस में जो भी समस्याएं क्षेत्रीय जनता द्वारा दर्ज कराई गई है उनका समयबृद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं ढिलाई नहीं बरतती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि जनपद वासियों की समस्याओं का तहसील दिवस के अवसर पर ही निराकरण किया जाए ताकि

**❖तहसील भगवानपुर आगमन पर उप जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह नेगी ने डीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत**



जनपदवासियों को अपनी समस्याओं को लेकर अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं पटवारी एवं लेखपालों को निर्देश दिए हैं कि भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए भूमि की पैमाइश की जाए पैमाइश करते हुए वस्तु स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस उपाधीक्षक अभिनव चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश भदौरिया, तहसीलदार भगवानपुर दयाराम सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीण मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मां प्रकाशी देवी की जन्म तिथि भूलवश 16.03.1964 दर्ज हो गई थी जो गलत है मेरी मां की जन्म तिथि 01.01.1965 है जो सही है। मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में भूल वंश सीना कुमार दर्ज हो गया था जो गलत है मेरा नाम सोनू कुमार है जो सही है। आज के बाद मेरी मां की जन्म तिथि 01.01.1965 व मुझे सोनू कुमार से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए। **सोनू कुमार पुत्र श्री राजपाल सिंह नि. ग्राम व पो० चन्दपुरी बांगर ब्लॉक खानपुर, तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

## सिविल अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन खत्म

**रुड़की।** सिविल अस्पताल में सोमवार को एंटी रैबीज वैक्सीन का स्टॉक खत्म होने से कुत्ते काटे के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पताल प्रशासन ने कुछ दिन पहले मेला अस्पताल हरिद्वार से कुछ वैक्सीन मंगवाई थी। यह वैक्सीन भी समाप्त हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए निदेशालय से संपर्क साधा है।

# गोवंश की क्रूरता में पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोवंश को क्रूरता पूर्वक छोटे हाथी में परिहन करने पर सात लोगों को पकड लिया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

एसएसपी हरिद्वार द्वारा गोवंशीय पशुओं को वाहनो में क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्द 'पशु क्रूरता अधिनियम' में कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में दिनांक-16.03.2026 को कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित कार्रवाई की गई है। दौराने चौकिंग कस्बा भगवानपुर से छोटा हाथी संख्या-3410 को चौक किया गया तो चालक छोटे हाथी में मौजूद चालक सहित मौजुद व्यक्ति का नाम पता पूछा तो अपना नाम 'रियाज पुत्र ईशा' व अजय पुत्र पप्पू निवासीगण डोईवाला देहरादून बताया गया। छोटे हाथी के डाले को चौक करने पर डाले में 02 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था, को पशु क्रूरता अधिनियम में हिरासत पुलिस लिया गया। इसी क्रम में वादी मुकदमा रणवीर सिंह निवासी-राजगढ़ गुरथली नरवाला हरियाणा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर 05गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक छोटे हाथी संख्या-7610 व 9966 में परिवहन किये जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चालको सहित 01.सलीम पुत्र शमीम निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार 02. शुभान पुत्र रियासत निवासी-उपरोक्त, 03.अब्दुल हकीम पुत्र अयुब निवासी उपरोक्त 04.सलमान पुत्र नफीस निवासी ग्राम खाना कोतवाली देहात सहारनपुर उ०प्र० 05.आवेश पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम सिकरोडा कोतवाली भगवानपुर हरिद्वार को पशु क्रूरता अधिनियम में हिरासत में लिया गया। चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाकर गोवंश का मैडिकल करवाया गया है। उपरोक्त प्रकरण में अभियुक्तगण के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। वाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सम्पादकीय

बुधवार, 18 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

## दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।



'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्न इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्र्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

## विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है , बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं , जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

## एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति

जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।

की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी



अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-साभार आर.आर.**



मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

# पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

## मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिंग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में

**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

## पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है। ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।



■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी

■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा

सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में, 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

## नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



## सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108